

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 133 | ग्वालियर गुरुवार, 02 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### जी-20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक



**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में बुधवार (1 मार्च) से जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक शुरू हो रही है. बैठक में हिस्सा लेने के लिए विदेशी महमान लगातार दिल्ली पहुंच रहे हैं. रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी मंगलवार रात दिल्ली पहुंच गए हैं. इसी के साथ, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना भी बैठक में हिस्सा लेंगे. भारत जी20 की अध्यक्षता उस समय कर रहा है जब रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ी हुई है. युद्ध को एक साल पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक शांति का रास्ता नहीं निकला है. माना जा रहा है रूसी विदेशी मंत्री सर्गेई लावरोव बुधवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय मीटिंग कर सकते हैं. दोनों के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी चर्चा हो सकती है. दिल्ली में होने वाली दो दिवसीय बैठक में चीनी विदेश मंत्री किन गांग, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक और ब्रिटिश विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली भी भाग लेंगे. विदेश मामलों के लिए यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल फोंटेलस, इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजन, ऑस्ट्रेलिया के पेनी वोंग, सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान भी बैठक में शामिल होंगे. विदेश मंत्रियों की बैठक दो सत्रों में आयोजित की जाएगी. पहला सत्र बहुपक्षवाद को मजबूत करने और सुधारों की आवश्यकता, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और विकास सहयोग के विषयों पर केंद्रित होगा. वहीं दूसरे सत्र में आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर चर्चा संभव है. उल्लेखनीय है कि चीनी विदेश मंत्री किन गांग का भारत आना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो किन गांग, एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं. इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच सीमा विवाद को लेकर चर्चा की जा सकती है. चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को कहा, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के मुख्य मंच के रूप में जी20 को अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और विकास के क्षेत्र में बकाया चुनौतियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और विश्व आर्थिक सुधार और वैश्विक विकास को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए.

### सिडनी में पुलिस ने भारतीय नागरिक को मारी गोली, 32 साल के अहमद की हुई मौत



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में पुलिस ने गोली मारकर एक भारतीय नागरिक की हत्या कर दी. भारत ने मारे गए व्यक्ति की पहचान तमिलनाडु निवासी मोहम्मद रहमतुल्लाह सैयद अहमद के रूप में की है. 32 वर्षीय एक भारतीय नागरिक पर एक रेलवे स्टेशन पर सफाईकर्मी को कथित तौर पर चाकू मारने और कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमले की कोशिश का आरोप लगा था. मारा गया भारतीय नागरिक ब्रिजिंग वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में रह रहा था. भारत ने इस घटना को परेशान करने वाली और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है. भारत का कहना है कि औपचारिक रूप से विदेश मामलों और व्यापार विभाग, न्यू साउथ वेल्स कार्यालय के साथ-साथ राज्य पुलिस अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है. इस मामले पर रिपोर्ट भी मांगी गई है. सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड अखबार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अहमद ने ऑबर्न पुलिस स्टेशन पहुंचने से पहले सिडनी के ऑबर्न स्टेशन पर एक 28 साल के क्लीनर पर कथित तौर पर हमला किया. इसके बाद उसका सामना दो पुलिस अधिकारियों से हुआ. इन दोनों पर भी उसने हमला करने की कोशिश की. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक पुलिस अधिकारी ने सैयद अहमद पर तीन गोली चलाई. इनमें से दो गोली अहमद के सीने में लगीं. इसके बाद पैरामेडिक्स ने अहमद का मौके पर इलाज किया और उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. अहमद की पुलिस के साथ पिछली पांच बार बातचीत हुई थी जिनमें से सभी गैर-आपराधिक और कोविड-19 से जुड़ी थीं. न्यू साउथ वेल्स पुलिस के सहायक आयुक्त स्टुअर्ट स्मिथ ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि अधिकारियों के पास बस कुछ सेकंड थे और अहमद को गोली मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था. उन्होंने कहा कि वह इन अधिकारियों का पूरा समर्थन करते हैं. पुलिस अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या अहमद को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी थी.

### बॉम्बे हाईकोर्ट के बाहर कस्टडी को लेकर ड्रामा

बॉम्बे हाईकोर्ट में मंगलवार (28 फरवरी) को एक 11 साल के बच्चे की कस्टडी को लेकर खूब बवाल हुआ. जिस वक्त बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी उसी दौरान बच्चे ने अपने पिता से दूर भागने की कोशिश की और जोर-जोर से चिल्लाने लगा. बच्चा भागने का प्रयास कर रहा था और उस समय कोर्ट में खड़े पुलिसकर्मियों ने व्यक्ति की मदद की. 11 वर्षीय बच्चे की मां का कुछ साल पहले कैंसर के कारण निधन हो गया था. अपनी मां के निधन के बाद से वो अपने नाना और मामा के साथ रह रहा था. इसी वजह से उसके पिता ने कोर्ट के माध्यम से कस्टडी की मांग की थी. बॉम्बे हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट ने बच्चे की कस्टडी उसके पिता को दे दी थी, लेकिन बच्चे ने जाने से इनकार कर दिया था. उसके बाद पिता ने अवमानना याचिका दायर की थी, जिस पर मंगलवार को जस्टिस एएस गडकरी और पीडी नाइक की बेंच सुनवाई कर रही थी. बेंच ने पुलिस को आदेश दिया कि कोर्ट परिसर में ही बच्चे की कस्टडी पिता को दे दी जाए.

वेल प्लान्ड शहर से ही देश की बदलेगी तस्वीर

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है और उसमें भी ऐसे शहर जिसे भविष्य की जरूरतों को देखते हुए पूरी योजना के साथ बनाया गया हो. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी यही कहना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अमृतकाल यानी अगला 25 साल बेहद महत्वपूर्ण है और हमारे शहरों की इसमें बड़ी भूमिका रहने वाली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अर्बन प्लानिंग, डेवलपमेंट एंड सैनिटेशन विषय पर बजट बाद वेबिनार में बुधवार (एक मार्च) को शामिल हुए. इसमें उन्होंने इस मुद्दे को बखूबी तरीके से समझाया कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुनियोजित तरीके से बनाए गए शहर कितने ज्यादा फायदेमंद साबित होंगे. उन्होंने कहा कि अमृतकाल में अर्बन प्लानिंग से ही हमारे शहरों का भाग्य निर्धारित होगा और वेल प्लान्ड शहर ही भारत के भाग्य को निर्धारित करेंगे. प्रधानमंत्री ने विकसित राष्ट्र के लिए सुनियोजित शहरों के विकास पर बल दिया.

प्रधानमंत्री का मानना है कि जब प्लानिंग बेहतर होगी तभी देश के शहरों को क्लाइमेट रिज़ल्यिन्ट और जल से सुरक्षित बनाया जा सकता है. शहरों को क्लाइमेट रिज़ल्यिन्ट बनाने से तात्पर्य है कि ऐसे शहर बने, जो किसी भी प्रकार के जलवायु परिवर्तन या प्राकृतिक आपदाओं को झेलने के लिहाज से ज्यादा सक्षम हो. प्रधानमंत्री ने राज्यों और शहरी निकायों को एक नसीहत भी दी. उन्होंने कहा कि राज्य और शहरी निकाय भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान तभी दे पाएंगें, जब वे प्लान्ड अर्बन एरिया यानी ऐसे शहरों का विकास करेंगे, जो पूरी तरह से प्लानिंग के साथ बने हों. पीएम मोदी ने का कहना है कि भारत में शहरों के विकास से जुड़े दो प्रमुख पक्ष हैं. पहला नए शहरों का विकास और दूसरा पुराने शहरों में पुरानी व्यवस्थाओं को आधुनिक लिहाज से विकसित करना. इस नजरिए को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने हर बजट में शहरी विकास को बहुत महत्व दिया है. 2023-24 के बजट में अर्बन प्लानिंग के मानकों के लिए 15 हजार करोड़ रुपए का इंसेन्टिव भी तय किया गया है. राज्यों में शहरी नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र को कैसे मजबूत किया जाए. प्रधानमंत्री ने शहरी विकास के लिए शहरी नियोजन और शहरी प्रशासन दोनों को बेहद महत्वपूर्ण बताया. शहरों की खराब



प्लानिंग या प्लान के बाद उसको सही तरीके से लागू नहीं होने से पैदा होने वाली चुनौतियों को लेर पीएम मोदी ने आगाह भी किया. उनके हिसाब से शहरी नियोजन के तहत परिवहन, बुनियादी ढांचा, जल प्रबंधन जैसे सभी क्षेत्रों में बेहतर तरीके से योजना बना कर ही किसी नए शहर का विकास होना चाहिए. किसी भी शहर के लिए उसका परिवहन सिस्टम महत्वपूर्ण स्तंभ होता है. प्रधानमंत्री का भी कहना है कि देश के शहरों के अंदर बाधारहित आवागमन की सुविधा होनी चाहिए. इस लिहाज से उन्होंने किसी भी शहर के लिए मेट्रो नेटवर्क को महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने मेट्रो नेटवर्क के साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण, ग्रीन मोबिलिटी और एलेवेटेड रोड को किसी भी शहर के सुनियोजित विकास से जुड़ी योजना का हिस्सा बनाए जाने पर ज़ोर दिया. विकसित राष्ट्र के नजरिए शहरों के विकास में भारत सर्कुलर इकोनॉमी को बड़ा आधार बनाकर कदम उठा रहा है. ये हम सब जानते हैं कि देश के शहरों में हर दिन हजारों कचरा पैदा होता है. पीएम मोदी ने जानकारी दी कि भारत में 2014 में सिर्फ़ 14 से 15त्न कचरे की प्रोसेसिंग होती थी. आज ये आंकड़ा 75त्न तक जा पहुंचा है. शहरों के किनारे कूड़े के पहाड़ों को लेकर भी प्रधानमंत्री ने चिंता जाहिर की. उन्होंने कहा कि कचरे की प्रोसेसिंग करके इन कूड़े के पहाड़ों से भी शहरों को मुक्त करने का काम किया जा रहा है. इसमें कई उद्योग के लिए रिसाइक्लिंग के ढेर सारे मौके हैं. इस क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स को समर्थन की जरूरत पर भी पीएम ने बल दिया. इसके साथ ही उन्होंने शहरों में पीने के साफ पानी के बाद सीवेज़ ट्रीटमेंट के पारंपरिक मॉडल से आगे की प्लानिंग करने की भी जरूरत बताया और इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए प्राइवेट सेक्टर से आगे आने की अपील की. प्रधानमंत्री का कहना है कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो भविष्य के शहरों के लिए नई परिभाषा तय करते हुए नए मानक बनाने होंगे. उन्होंने अर्बन प्लानिंग में बच्चों का ध्यान रखने पर भी ज़ोर दिया. इसके तहत शहर के विकास के लिए योजना बनाने में बच्चों के लिए खेलने-कूदने की जगहों से लेकर साइकिल चलाने के लिए पर्याप्त जगह जैसी बातों को ध्यान में रखने की बात कही. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि जो भी नए शहर बने, वो कचरा मुक्त हो, पानी से सुरक्षित हो और जलवायु अनुकूल हो और ऐसा तभी मुमकिन होगा, जब टियर-2 और टियर-3 शहरों में अर्बन इनफ्रास्ट्रक्चर और प्लानिंग में निवेश बढ़ेगा.

### कानपुर में फिर दिखी दरिंदगी, छह साल की बच्ची का शव खेत में मिला

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के कानपुर में फिर से एक बच्ची का शव सुनसान खेत में मिलने से सनसनी फैल गई है. जानकारी के मुताबिक, सजेती थाना क्षेत्र में मंगलवार को अनुसूचित जाति की छह वर्षीय बच्ची का शव एक खेत से बरामद हुआ. एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि बच्ची की हत्या से पहले उसका यौन उत्पीड़न किया गया है. वहीं, अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकिता शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले में चंद्रभान, उसकी पत्नी सुधा और भाई सुल्तान सहित तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है, इन सभी से पूछताछ की जा रही है. उन्होंने बताया कि यह बच्ची 25 फरवरी को अपने घर से यह कहकर निकली थी कि वह उसी गांव में रहने वाले अपने चाचा के घर जा रही है.

## राहुल गांधी ने 170 दिन बाद ट्रिम कराई दाढ़ी-मूंछ



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नया लुक सामने आया है. राहुल इन दिनों ब्रिटेन के दौरे पर हैं. यहां वो कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में लेक्चर देंगे. इससे पहले उनके नए लुक की तस्वीर सामने आयी है. 7 सितंबर 2022 से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत के बाद से राहुल ने एक के बाद एक कई राज्यों से यात्रा निकाली थी. राहुल ने यात्रा के दौरान अपनी दाढ़ी बढ़ाई और उनका लुक बेहद अलग देखने को मिला. वहीं, अब एक बार फिर राहुल नए लुक में सामने आए हैं. राहुल ने अपनी दाढ़ी को ट्रिम करा लिया है. राहुल का ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल है.


## मार्च के पहले दिन मौसम ने ली करवट

**नई दिल्ली।** मार्च के पहले ही दिन मौसम ने करवट बदली है. मौसम विभाग ने अगले 2 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली और दिल्ली-एनसीआर के आस-पास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद जताई है. दिल्ली के आस-पास का मौसम सुबह के समय सुहाना बना हुआ है. दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस अनुमानित किया गया है. मौसम विज्ञान भवन द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक बुधवार (1 मार्च) को दिल्ली-एनसीआर और उसके नजदीकी यूपी और हरियाणा के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की गरज के साथ बारिश हो सकती है. मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2 घंटों के दौरान दिल्ली, एनसीआर (हिंडन एएफ स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम) करनाल, मेहम, रोहतक, भिवानी (हरियाणा) हस्तिनापुर, चांदपुर, अमरोहा (यूपी) के कुछ स्थानों और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी. हवा की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का



अनुमान है. राजधानी में फरवरी महीने में गर्मी ने 72 साल का रिकॉर्ड तोड दिया था. 1951 से 2023 तक फरवरी का ये महीना तीसरा बार सबसे गर्म रहा था लेकिन बुधवार को होने वाली बारिश के बाद गर्मी के कंट्रोल में आने की उम्मीद है. मौसम विभाग ने अगले दो महीनों के लिए गर्मी का पूर्वानुमान भी जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार, मार्च से मई के दौरान पूर्वोत्तर, पूर्व और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों और उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक रहने की संभावना है.

## अखिलेश यादव पर केशव प्रसाद मौर्य का बड़ा दावा



**नई दिल्ली।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में एक आरोपी की समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ वायरल हो रही तस्वीर को लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य उन पर हमला बोला है. डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा अभी तो उमेश पाल के हत्या के साजिशकर्ता के साथ अखिलेश यादव की फोटो दिखाई दे रही है. आने वाले समय में जितने भी बड़े बड़े अपराधों के खुलासे होंगे. उन अपराधियों के साथ समाजवादी पार्टी के रिश्ते नाते जगजाहिर हो जाएंगे. इन्होंने हमेशा अपराधियों का संरक्षण किया है. उन्हें बढ़ावा दिया है उन्हें राजनीति में लाने का काम किया है. केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इन अपराधियों की वजह से उत्तर प्रदेश में एक विधायक के हत्यारे के खिलाफ मुख्य गवाह की दिनदहाड़े हत्या हुई. उन्हें सरकार ने सुरक्षा भी दे रखी थी. उमेश पाल को मैं व्यक्तिगत तौर से भी जानता हूं. वह एक संघर्षशील और बहुत सामाजिक व्यक्ति थे. काफी समय से वो बीजेपी से भी जुड़े थे. लेकिन जिस तरह उनकी हत्या की गई उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी घटना है और बहुत दुखद है. समाजवादी पार्टी का ऐसे अपराधियों और साजिश रचने वालों के साथ अगर संबंध उजागर हो रहे तो किसी के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है. समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के एनकाउंटर पर सवाल उठाने को लेकर डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा कि यह अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक का मामला नहीं है. यह बहुत गंभीर मामला है.

## 2024 के लिए अखिलेश यादव का खेल शुरू होने से पहले ही बीजेपी ने किया खत्म



**नई दिल्ली।** यूपी में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है. सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी पहले दिन से ही राज्य में जातिगत जनगणना की मांग कर रही है. अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के नेतृत्व में सपा विधायकों ने विधानसभा में इसकी मांग की. लेकिन अब बीजेपी ने सपा की इस मांग की काट खोज ली है. कन्नौज से बीजपी के सांसद सुब्रत पाठक ने मंगलवार को अपनी एक मांग रखते हुए कहा, अखिलेश जी जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं तो मैं उसमें धार्मिक जनगणना की मांग जोड़ता हूं, क्योंकि विभाजन संप्रदाय के आधार पर हुआ था. उस समय देश में 7प्रतिशत अल्पसंख्यक थे, अब कितने हैं? कितने मुस्लिम, ईसाई हैं इसकी जनगणना होनी चाहिए. दरअसल, सपा के ओर से लगातार राज्य में जातीय जनगणना कराने की मांग की जा रही है. इसकी मांग अखिलेश यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान योगी सरकार से रखी है. जिसमें उन्होंने बीजेपी के सहयोगी दलों से भी इसपर सहयोगी मांगा था. तब बीजेपी गठबंधन के निषाद दल और अपना दल एस के अलावा ओम प्रकाश राजभर ने भी इसका समर्थन किया था. लेकिन अब बीजेपी सांसद के एक बयान से ये पूरी सियासी बयानबाजी पलट गई है. अब राज्य में बीजेपी समाजवादी पार्टी की जातीय जनगणना वाली मांग के खिलाफ अपनी धार्मीक जनगणना की मांग रखेगी. इसका असर आने वाले चुनाव पर देखा जा सकता है.

## रिटायर रक्षा कर्मियों को 15 मार्च तक मिलेगी बकाया पेंशन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से फटकार के बाद रक्षा मंत्रालय ने रक्षा लेखा महानियंत्रक को एक ही किस्त में वन रैंक वन पेंशन का बकाया जारी करने का निर्देश दिया है. ओआरओपी के तहत भुगतान में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (27 फरवरी) को कड़ी फटकार लगाई थी. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मंत्रालय के सचिव के जारी किये गये पत्र पर ऐतराज जताया और उन्हें अपना रुख साफ करते हुए एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया. रक्षा लेखा महानियंत्रक के ऑफिस के एक अधिकारी के हवाले से लिखा, हमें रक्षा मंत्रालय से आवश्यक निर्देश प्राप्त हुए हैं और बकाया राशि का भुगतान करने के लिए काम जोरों पर है. सर्वोच्च न्यायालय ने 15 मार्च की सीमा तय की है. इसे पूरा नहीं करने का कोई सवाल ही नहीं है. 9 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को लगभग 25 लाख पूर्व सैनिकों की पेंशन का बकाया 15 मार्च तक देने का निर्देश दिया था. हालांकि, 20 जनवरी को मंत्रालय की ओर से एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें कहा गया था कि बकाया को चार छमाही में जारी किया जाएगा.

## ग्रीस में भीषण ट्रेन हादसा, 26 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** ग्रीस में दो ट्रेनों के बीच हुई भीषण एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या 16 से बढ़कर 26 हो गयी है. इस हादसे में 85 लोगों के घायल होने की खबर है. मिली जानकारी के मुताबिक, घायलों में कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है. घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अनुमान लगाया जा रहा है कि मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हादसा देर रात हुआ. दुर्घटना की वजह क्या है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है. घटना स्थल पर अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है. भीषण



एक्सीडेंट को लेकर ग्रीस के थिसली इलाके के गवर्नर ने बताया कि एक यात्री ट्रेन एथेंस से उत्तरी शहर थेसालोनिकी की तरफ जा रही थी, वहीं एक दूसरी मालगाड़ी थेसालोनिकी से लारिसा की तरफ आ रही थी. इन दोनों ट्रेनों की लारिसा शहर के बाहर टक्कर हो गई. हादसा इतना भयावह है कि हादसे के बाद बचाव में मदद के लिए सेना बुलाई गई है, जबकि अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है. सोशल मीडिया घटना की तस्वीरों और वीडियो वायरल हो रहे हैं. जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह ट्रेन के डिब्बों आग की चपेट में हैं. इसके अलावा कुठ डिब्बे पटरी से भी उतरे हुए हैं.

## ईमानदारी से काम करने पर भी लगे भ्रष्टाचार के आरोप

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने अंततः मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. इस्तीफा देने से पहले उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र लिखा. उन्होंने अपने ऊपर लग रहे आरोपों को झूठा करार दिया है. साथ ही अपने रुख पर अडिग रहते हुए मंगलवार को अपने इस्तीफे में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आठ साल से लगातार ईमानदारी और सच्चाई से काम करने के बावजूद भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं. सीएम केजरीवाल को लिखे पत्र में उन्होंने अपना दर्द खुलकर बयां किया है. दरअसल, दिल्ली शराब कांड में सीबीआई द्वारा रविवार को गिरफ्तारी और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद डिप्टी सीएम ने सीएम अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा था. चौंकाने वाली बात यह है कि दोनों का



इस्तीफा मिलते ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तत्काल स्वीकार कर लिया. अब आप दोनों मंत्रियों के इस्तीफे को नैतिकता के नजरिए से देख रही है तो दूसरी तरफ बीजेपी इस घटनाक्रम पर केजरीवाल सरकार के खिलाफ आक्रामक है. बीजेपी का कहना है कि आप ने जिस मनीष सिसोदिया को पारदर्शिता की प्रतिमूर्ति बताते नहीं थकती थी, अब उनका इस्तीफा ले लिया. क्या यही केजरीवाल सरकार की नैतिकता की मिसाल है. हकीकत यह है कि मंत्रियों के इस्तीफे को स्वीकार करना आम आदमी पार्टी की मजबूरी है.

दरअसल, दिल्ली शराब घोटाला मामले में देश की राजधानी के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली का सियासी समीकरण तेजी से बदल रहा है. शीर्ष अदालत ने न केवल सिसोदिया को 4 मार्च तक सीबीआई रिमांड में भेजने के साथ मंगलवार को उनकी याचिका भी खारिज कर दी. इसका नतीजा यह निकला कि सीएम अरविंद केजरीवाल अपने कैबिनेट को नए सिरे से पुनर्गठित करने के लिए बाध्य हुए हैं. उन्होंने मनीष सिसोदिया को दिए 18 मंत्रालयों को कैलाश गहलोत और राजकुमार आनंद के बीच बांट दिए गए हैं. अब दिल्ली का बजट विधानसभा में कैलाश गहलोत ही पेश करेंगे. साथ ही आतिशी मर्लेना, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज को मंत्रिमंडल में शामिल होने की रेस में आ गए हैं. यानी सीएम केजरीवाल बहुत जल्द अपने मंत्रिमंडल का पुनर्गठन भी करेंगे. वहीं, प्रमुख विपक्ष पार्टी बीजेपी और कांग्रेस ने दिल्ली सरकार पर हमला तेज कर दिया है. साफ है कि, केजरीवाल सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर जारी सियासी जंग अभी थमने वाला नहीं है.

# अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ थाना गोपालपुर क्षेत्र अंतर्गत जंगल सर्चिंग के दौरान कार्यवाही

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल अतिय पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया



एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री मनीष यादव पोहरी के मार्गदर्शन में शिवपुरी जिले में नशे के विरूद्ध जीरो टोलरेंस नीति के तहत अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से जंगल सर्चिंग की गई इस दौरान गोपालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पास्त के जंगल में सर्चिंग के दौरान 900 लीटर लहान नष्ट की कार्यवाही की गई. थाना गोपालपुर जे आस पास के जंगलों मैं लगातार इस प्रकार की जानकारी मिल रही थी कि जंगल मैं अवैध रूप से देशी शराब बनाई जा रही हैं जिसके कारण ग्रामीण लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था और इस प्रकार की अवैध देसी दारू पीकर गांव वाले बीमार हो रहे थे जिस पर आज थाना प्रभारी कुसुम गोयल द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए 900 लीटर लहान नष्ट की कार्यवाही की गई ओर बनाने बालो को पक? कर कार्यवाही की पूरी कार्यवाही थाना प्रभारी कुसुम गोयल ओर उनकी टीम ने कारवाही की।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने पर बीएसपी पार्टी के अध्यक्ष ने दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी जिले की तहसीलों में बाबा भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिभाओं को तोड़कर उनको खंडित करने का कार्य लगातार बढ़ता जा रहा है अभी हाल ही में पोहरी विधानसभा क्षेत्र मैं संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को

## निष्पक्ष जांच कर प्रकरण पंजीबद्ध करने बाबत

खंडित कर दिया गया था जिसके लिए समस्त भीम आर्मी और बीएसपी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया था आज एक और मामला सामने आया है जिसमें पिछोर विधानसभा के ग्राम बदरवास थाना पिछोर में बाबा साहब की स्थापित प्रतिमा की हाथ की उंगली किसी अज्ञात के द्वारा आज रात्रि में छुआछूत भाव छुआछूत व वर्ग भेद की भावना को लेकर तोड़ दिया गया है बाबा साहब के चाहने वाले अनुयायियों व पार्टी




के कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त हैं इसलिए बहुजन समाज पार्टी चाहती है कि इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही करने हेतु बहुजन समाज पार्टी मांग की जिससे जिले में शांति का माहौल खराब ना हो तथा शांति का वातावरण बना रहे इस मामले में कोई निर्दोष ना फंसे दोषी बच ना सके इसलिए तत्काल अज्ञात के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अज्ञात आरोपी की तलाश कर जेल भेजने की कार्यवाही की जावे। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी ने बताया कि लगातार हो रही बाबा साहब की प्रतिभाओं को खंडित करने वाले दोषियों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा इनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कराने के लिए आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है यदि कलेक्टर साहब जल्द से जल्द इसका निराकरण नहीं करवाते तो एक बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसमें जितने भी अज्ञात बदमाश किस्म के लोग जो आजादी के 75 साल बाद भी छुआछूत की भावना रखते हैं ऐसे लोगों को समाज में जीने का कोई अधिकार नहीं है इन पर जल्द से जल्द कार्यवाही हो यही मांग है।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में गरीब कल्याण के लिए कार्य करें : सरोज जोशी

## भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं नवनियुक्त दतिया जिले की प्रभारी सरोज जोशी का मालनपुर में संगठन द्वारा स्वागत समारोह संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में गरीब मजदूर



की झोपड़ी में रहने वाले गरीब तबके लोगों एवं अंतिम छोर तक के प्रत्येक व्यक्ति की समाधान के लिए कार्य कर रहा है यह समाज सेवी संगठन है। यह उद्गार उन्होंने भिंड जिले की नगर परिषद मालनपुर में राष्ट्रीय मानव सेवा अधिकार संगठन द्वारा आयोजित अपने स्वागत सत्कार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की असीम से बोलते हुए व्यक्त किए। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की सदस्य दतिया जिले की नवनियुक्त प्रभारी श्रीमती जोशी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार गरीब कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर उन तक पहुंचा रही है हमारा संगठन भी इस अभियान में एकजुट होकर गरीब कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य करें ताकि लाभ उन्हें मिले उन्होंने कहा कि आज विषम परिस्थितियों में महिला युवा किसान मजदूर जूझ रहा है लेकिन हम उन तक नहीं पहुंच पा रहे हैं हमारा संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में पूर्ण रूप से आगे आकर शाहिद लोगों की मदद करें और साथ ही जो भाई-बहन हमारे दिव्यांग हैं उनके लिए भी विशेष अभियान चलाकर उनकी योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए कार्य करें और आप सभी ने जो मेरा सम्मान किया है मैं हमेशा अपने हृदय में आपके मान और सम्मान को बनाए रखूंगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा यह संगठन समाज हित में दिन प्रतिदिन लोगों की मदद कर रहा है राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिला संभाग मैं भी हमारा संगठन का गठन पूर्ण होकर समाज सेवा में लगा है हमारी विचारधारा सेवा समर्पण के लिए हमेशा रहा है जो लोग अपनी समस्या के लिए नहीं बोल पाते हैं ऐसे लोगों के लिए यह हमारा संगठन उन तक पहुंच कर समस्याओं का समाधान कराने में अपनी अहम भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने श्रीमती जोशी का पुष्प मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और वही राष्ट्रीय गौरव सम्मान देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर मुन्नी लाल शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश शर्मा प्रमुख सचिव पिंकी राजावत संभागीय अध्यक्ष संगठन मंत्री सीमा जादौन ववित‍ा वघेल वार्ड नंबर 6 के पार्षद अनिल गुर्जर सूरज भदौरिया,नीरज शर्मा, बीना भदौरिया पदाधिकारी मौजूद थे।

# गेहूं के उपार्जन हेतु 5 मार्च तथा चना, मसूर एवं सरसों हेतु 10 मार्च तक किए जा सकेंगे पंजीयन

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी।** रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 5 मार्च तथा चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन करने के लिए 10 मार्च तक किसानों की सुविधा हेतु किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। अब किसान स्वयं के मोबाइल से घर पर बैठकर पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केंद्रों में लाइन लगाकर पंजीयन की झंझट से मुक्ति मिलेगी। किसान भाइयों द्वारा 5 मार्च तथा 10 मार्च तक पंजीयन कराया जा सकता है।
जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था के लिए किसानों के लिए स्वयं के मोबाइल अथवा कम्प्यूटर से पंजीयन हेतु निर्धारित लिंक पर



जाकर, ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, सहकारी समिति एवं विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर तथा एम.पी.किसान एप जाकर पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था की गई है। किसानों को सशुल्क के साथ पंजीयन व्यवस्था के लिए एमपी ऑनलाइन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क पर, लोक सेवा केन्द्र पर एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे से किया जा सकता है। उक्त संस्थाओं द्वारा कार्यालय खाद्य विभाग से विधिवत उपार्जन नीति की शर्तों के तहत अनुमति लेकर सशुल्क किसानों को पंजीयन की सुविधा दे सकती है।



# एंबेड टीम द्वारा घर-घर जाकर दिया जा रहा मलेरिया डेंगू बीमारी से बचाव का संदेश

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी, पिछोर।** एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया व जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को शिवपुरी जिले के ब्लॉक पिछोर, खनियाधाना, सतनवाडा में एंबेड परियोजना क्षेत्र के गांव में एंबेड टीम द्वारा घर घर जाकर मलेरिया डेंगू जैसी घातक मच्छर जनित बीमारियां के बचाव हेतु संदेश दिया गया। ग्रामीणों को जानकारी दी। एंबेड टीम द्वारा ग्रामीणों को मच्छर के जीवन चक्र, लार्वा, मलेरिया बीमारी के लक्षण व इलाज एवं बुखार आने पर 24 घंटे के अंदर खून की जांच के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम में एंबेड परियोजना टीम के सदस्य बीसीसीएफ, महेश कुमार, सतेंद्र, रियाज, महेश, केशव, चंदन, हरगोविंद, पवन सभी का विशेष योगदान रहा।



# डोयटण समारोह में गैरियों द्वारा गैर नृत्य

**पुष्पांजलि टुड, रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**

हैदराबाद स्थित- समाज एल बी नगर वेल्फेयर एसोसिएशन बंडलागुड़ा प्लाट के प्रांगण में आज बुधवार दिनांक 1- 3 - 2023 दोपहर श्रीमान बाबूलाल पंवार के सुपोत्र के डोयटण समारोह पर सभी गेरियों ने जबरदस्त गैर नृत्य किया सभी गैरियो को सीरवी समाज एल बी नगर वेल्फेयर असोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद काग, सचिव प्रकाश सेपटा ने सभी गैरियो को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देकर आभार वक्त किया।

# खगोलीय पिंडों को देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध और लोकप्रिय खगोल भौतिकशास्त्री डॉ. एन.के. चक्रधारी द्वारा अमेजिंग स्काई विषय पर व्याख्यान के साथ-साथ सायंकालीन खगोलीय पिंडों को आमजनों, विद्यार्थियों और शोधार्थी को टेलीस्कोप से दिखाने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था प्रमुख डॉ. सी.एल. देवांगन ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. सी. वी. रमन के जन्म दिवस पर 24 फरवरी से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र परिषद द्वारा बड़े उत्साह जनक रूप से मनाया जा रहा है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है। डॉ. सी. वी. रमन नोबेल पुरस्कार प्राप्त प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. एम. एल. वर्मा और डॉ. समीक्षा चंद्राकर ने कहा कि विज्ञान और तकनीकी का उपयोग करना डॉ. रमन से अच्छा कोई नहीं जानता था। वैज्ञानिक सोच व अवधारणा का निर्माण करना कठिन कार्य है। इसके लिए आत्मा विश्वास और दृढ़ संकल्पना की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गोवर्धन यदु ने बताया कि छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर और भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद नई दिल्ली, विज्ञान और तकनीकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित चार दिनों तक चले विज्ञान दिवस कार्यक्रम में विभिन्न अंतर महाविद्यालयीन/ विद्यालयीन प्रतियोगिता



जैसे निबंध, प्रश्न मंच, रंगोली, पोस्टर और भाषण आयोजित हुई, जिसमें महाविद्यालयीन छात्र छात्रों के अलावा स्कूली छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।
डॉ. यदु ने डॉ. रमन के प्रकाश के प्रकीर्णन को विस्तार से समझाते हुए कहा कि प्रकाश आज भी रहस्यमय विकिरण के रूप में हमारे समक्ष रहा है। इसमें और भी खोजें होनी बाकी है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व विशेष अतिथि डॉ. एन. के. चक्रधारी ने चंद्रमा की विभिन्न स्थितियों को दर्शाते हुए उसमें होने वाले गतिविधियों के बारे में बताया और राजिम के अक्षांश देशांतर के परिपेक्ष में आकाश में दिखने वाले विभिन्न ग्रहों की दिशाओं को जानने की विधि से सभी को अवगत कराया। खगोलीय पिंडों के अंतर्गत सूर्य, चंद्रमा, सप्तऋषि, कालपुरुष, तारामंडल के माध्यम से ही समय और मौसम का अनुमान प्राचीन काल में लगाया जाता था। पृथ्वी के अपने अक्ष से झुकाव के कारण ही सूर्य का उत्तरायण दक्षिणायन, दिन-रात का छोटा बड़ा होना तथा मौसम में परिवर्तन दिखाई देता है। डॉ. चक्रधारी ने बताया कि अंटार्टिका में छह महीने का दिन तथा छह महीने की रात होती है मौसम में बदलाव सूर्य से पृथ्वी की दूरी पर नहीं बल्कि पृथ्वी से झुकाव के कारण होता है जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मी का समय होता है तो दक्षिणी गोलार्ध में सर्दी का समय होता है। ध्रुव तारा के बारे में विस्तार से बताया, मौसम परिवर्तन के कारणों को दर्शाते हुए उन्होंने कहा कि पृथ्वी के आसपास बारह तारामंडल है इन्हीं तारामंडल के कारण बारह राशि हमारे कैलेंडर में होती है। डॉ. एन. के. चक्रधारी ने टेलिस्कोप से संबंधित जानकारी साझा करते हुए सभी विद्यार्थियों को टेलिस्कोप संधारित्र करने के उपाय व सुझाव बताएं। सायंकालीन समय में महाविद्यालय परिसर से विभिन्न ग्रहों उपग्रहों को देखने व इससे संबंधित जानकारी की व्यवस्था की गई थी। चंद्रमा, बृहस्पति, शुक्र, मंगल और कालपुरुष तारामंडल को देखने के लिए राजिम क्षेत्र के कई जिज्ञासु जनमानस एकत्रित हुए, राजिम एसडीएम, तहसीलदार ने भी आकाशीय घटना को देखकर जानकारी ली। आकाशीय नजरों को देखने के लिए बच्चे, बुजुर्ग, युवा के साथ साथ पत्रकार रामेश्वर गोस्वामी भी पहुंचे। डॉ. गोवर्धन यदु और डॉ. चक्रधारी ने सभी की आकाशीय संबंधी प्रश्नों, जिज्ञासो का सहज तरीके से उत्तर दिया। करीब ढाई घंटे तक स्काईवॉच का कार्यक्रम महाविद्यालय में चला। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी किया गया था।



# सपा 2 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष नीरज यादव के नेतृत्व में 2 मार्च को भोपाल विधानसभा घेराव को लेकर भिंड रेलवे स्टेशन से समाजवादी पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता इकट्ठा होकर जिलाध्यक्ष नीरज यादव के नेतृत्व में भिण्ड स्टेशन से ग्वालियर के रास्ते भोपाल के लिए प्रस्थान किया जिसमें प्रमुख रूप से जिला महासचिव अशोक डंडोतिया वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता डॉ लज्जाराम यादव ,सूरज सिंह फौजी,जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव ,राधामोहन सिंह,जिला सचिव जितेन्द्र कुशवाहा, दिनेश यादव,विकास यादव,अशीष यादव,नरसी उप सरपंच,दिलीप नरवरिया,बॉबी परिहार,प्रेम सिंह कुशवाहा,जगमोहन कुशवाहा, महावीर सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धार्मिक स्थल, स्कूल, कालेज और हास्टलों के पास से शराब की दुकानें हटवाएं कलेक्टरः रमेश सक्सेना

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** ( बुधवार को पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री रमेश सक्सेना ने अपने निज निवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार की नई शराब नीति के क्रियान्वयन को लेकर अनेक गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि प्रदेश में अनेकों नीतियां बनती हैं लेकिन सही तरीके से उनका क्रियान्यवयन नहीं होता है। अधिकारी तो नीतियों को लागू करना चाहते हैं लेकिन वह दबाव में हैं। यह सीएम का गृह जिला है और यहां पर उन्हें नेताओं के हिसाब से चलने के निर्देश मिलते हैं। नई शराब नीति को लेकर उन्होंने कहा कि वह जिला कलेक्टर से अपील करेंगे कि जिले में नई शराब नीति का पूरी तरह से पालन हो। नीति में कहा गया है कि धार्मिक स्थलों और स्कूल, छात्रावासों के निकट बनी शराब दुकानों को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है लेकिन अफसर कार्रवाई करने से डरते हैं। उन्हें कार्रवाई न करने के लिए सीएम द्वारा बोला गया है। जिले में भी 50 से अधिक धार्मिक स्थलों के पास शराब दुकानें बनी हुई हैं। इसे लेकर कलेक्टर एक कमेटी बनाएं और इनका निरीक्षण कर इनको हटवाएं और नई नीति का कलेक्टर सख्ती से पालन करवाएं। श्री सक्सेना ने कहा कि जिले में कई अहाते बिना लाईलेंस के ही चल रहे हैं। नई नीति में शराब दुकानों के पास से अहाते हटाने के नियम आ गए हैं। यहां



जिले में कई दुकानों के पास ही लोग शराब पीते हैं और वहीं लौट लगाते हैं। अगर शीघ्र ही जिम्मेदार अफसरों ने शराब नीति का सख्ती से पालन नहीं कराया तो कांग्रेस इसका सडकों पर उतरकर विरोध करेगी। श्री सक्सेना ने कहा कि सीएम शिवराज सिंह चौहान ने जिले में नेताओं को खुली छूट दे रखी है तो वहीं अधिकारियों पर बंदिशें लगा रखी हैं। भाजपा के जनप्रतिनिधि मनमानी पर उतर आये हैं और आमजनता इनसे परेशान हैं।

**विकास यात्रा में जनता दे रही जबाव**–भाजपा सरकार द्वारा निकाली गई विकास यात्राओं को लेकर श्री सक्सेना ने कहा कि इन 20 सालों में कितना विकास हुआ है जनता खुद जानती है। जनता इन्हें जबाव दे रही है। गांव शहर हर जगह इन यात्राओं का विरोध हो रहा है। प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कमिशनखोरी, मंहगाई चरम पर है। सब जान चुके हैं कि मुख्यमंत्री घोषणा वीर हैं और झूठी घोषणाएं करते हैं। उन्होंने कहा कि आज आमजन भाजपा की नीतियों से परेशान है। किसान, छात्र, छोटे व्यापारी हर वर्ग इस सरकार से त्रस्त हो चुका है। लोग सरकार बदलने का मन बना चुके हैं। क्षेत्र में बिजली अफसर मनमानी बरत रहे हैं। किसानों पर झूठे बिजली चोरी के प्रकरण दर्ज कराए जा रहे हैं। झूठे प्रकरणों में फंसा कर कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। खेतों से अफसर मोटर पंप उठाकर ले जा रहे हैं। किसानों को जेल भेजा जा रहा है। कांग्रेस इसका विरोध करती है। इस दौरान प्रेस वार्ता में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश दयाल चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, राजाराम कसौटिया बड़े भाई, नईम नबाव, सुरेश साबू, राजीव गुजराती, घनश्याम यादव, भूरा यादव, रानू व्यास, हसीन कुरैशी, इरफान वेल्डर, कल्लू शर्मा, आशीष गेहलोत सहित बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।



## एम पी नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट में मोंटेज (कैडबरी) ने सी जी पावर हराया सूर्या रोशनी ने सुप्रीम को हराया

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता**

**मालनपुर।** उद्योग क्षेत्र स्थित सूर्या रोशनी ग्राउंड में आज नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में सुप्रीम और सूर्या रोशनी के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए 85 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में सूर्या रोशनी 5 विकेट से हराया मैच में सानदर प्रदर्शन शक्ति राणा ने 2 विकेट 26 रन की शानदार पारी खेली सी जी पावर ग्राउंड में कैडवरी और सी जी पावर के बीच खेला गया जिसमें सी जी पावर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 128 रनों का लक्ष्य दिया इस मुकावले को कैडबरी ने 5 विकेट से जीत लिया। मैच में सानदर प्रदर्शन दुर्गेश चौरसिया ने 2 विकेट लिए और उमाशंकर मिश्रा ने 30 रन और 2 विकेट एवं गुलज़ारी लाल ने 43 रनों कि शानदार पारी खेली सूर्या रोशनी ग्राउंड पर दूसरा मुकाबला टेवा और जे के टायर के बीच खेला गया जिसमें टेवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रनों का लक्ष्य दिया जे के टायर ने टेवा 3 विकेट से हराया।



## मातृ देवो भव, पितृ देवो भव... के नारों से गूंज उठा-गंगम्मा मंदिर, जलाहल्ली

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु।** जहाँ 14 फरवरी को भारत एवं पूरे विश्व में वेलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाता था, वहीं कुछ वर्षो से अब वह ÷मातृ- पितृ पूजन दिवस÷ के रूप में भारत सहित पूरे विश्व पटल पर छाया हुआ है। पूरे देश एवं विदेशों में भी ÷मातृ- पितृ पूजन दिवस÷ बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। विश्व मानव के उज्जवल भविष्य के लिए किये इसी स्वर्णिम संकल्प को ड़ैलाने हेतु संत श्री आशारामजी आश्रम, बेंगलुरु द्वारा शहर के विभिन्न स्कूलों व अन्य सामाजिक स्थलों में मातृ- पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 60 स्कूलों में आयोजन हो चूका है इनकी झलकियाँ आश्रम के वेबसाइट-में देख सकते है व इसी श्रृंखला को आगे बड़ाते हुए गंगम्मा मंदिर, जलाहल्ली में ÷मातृ- पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन हुआ ।वहां कार्यक्रम में भाग लेने हेतु उत्तर बेंगलुरु के सैकड़ों स्थानीय लोग मंदिर में पहुंचे। जिसमें कई धार्मिक संगठन वाले एवं अन्य कई गणमान्य लोग भी शामिल थे। उन्होंने अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हुए कहा कि- ÷निश्चित ही हमारे कोई पुण्य उदय हुए है, जिसके कुमकुम व पुष्पों से पूजन किया एवं प्रदक्षिणा की तो माता- पिता ने भी बच्चों के सिर पर आशीर्वाद भरा हाथ रखा एवं उन्हें डूब स्नेह कहा कि- धन्य हैं बापूजी जिन्होंने विश्व को ऐसा अनुपम उपहार दिया और यह इस देश का दुर्भाग्य है की करोड़ों लोगों का मंगल करने वाले



फलस्वरूप हमे ऐसे दिव्य आयोजन में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है।विश्व मांगल्य व स्वास्थ्य प्राप्ति हेतु हुए महामृत्युंजय मंत्र के हवन के बाद, पंडितजी ने मातृ- पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम की आवश्यकता व महत्ता बताई। उसके बाद विधिपूर्वक मन्त्रोचार से पूजन प्रारंभ हुआ। बच्चों ने अक्षत, किया अपनी संतान को अपने सामने पूजा करते देख माता- पिता भाव विभोर हो गये और स्नेह से भरकर बच्चों को गले लगाया तो वे भी द्रवीभूत हो गये। इस दिव्य एवं अनुपम दृष्य को देखकर वहां मौजूद सभी लोगों की आँखें भर आयी और उन्होंने संत श्री आशारामजी बापू को कोटि- कोटि प्रणाम किया एवं साधुवाद देते हुए एक निर्दोष संत को पिछले 10 वर्षो से बिना किसी अपराध के जेल में रखा हुआ है। आश्रम द्वारा बताया गया कि 16 वर्ष पहले संत आशारामजी बापू ने वेलेंटाइन डे के दुष्प्रभावों को देखकर 14 फरवरी को मातृ- पितृ पूजन दिवस प्रारम्भ करवाया और आज यह दिन भारत के साथ विदेशों में भी करोड़ों लोगों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है।



## पाली जिले के सादड़ी में ब्लड बैंक खोलने की मांग सौंपा ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**

आज बाली विधानसभा क्षेत्र मुंडारा में आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में पाली जिला प्रभारी हाथ से हाथ जोड़ो एव राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती संगीता जी बेनीवाल को सादड़ी में ब्लड बैंक खुलवाने के लिए ज्ञापन दिया। जिसमें सादड़ी के आसपास में 25 से 30 गांव लगते है और रणपुर घाट लगता है। आए दिन मरीजों की मौत होती रहती है समय पर ब्लड नहीं मिल पाता है कई बार मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया कई बार जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया देसूरी एसडीएम को ज्ञापन दिया जिला प्रभारी को ज्ञापन दिया अभी तक कोई हमारी सुनवाई नहीं है जल्द से जल्द सादड़ी में ब्लड बैंक खुलवाने के लिए ज्ञापन दिया गया ताकि आप गरीब लोगों को सुविधा मिल सके जिसमें राकेश सवनसा, सुरेश गोयल, रणजीत कुमार, प्रवीण सेन, संजय सरगरा, भरत दमामी, सुरेश पानीवार,अक्षय सिंह,कैलाश माली,भरत माली और मुकेश भेरजी सरगराआदि युवा मौजूद रहे।

## अर्पित गुप्ता बने श्रमजीवी पत्रकार संघ में संयुक्त सचिव

### संगठन के लिए सदैव रहूंगा तत्परः अर्पित गुप्ता

**पुष्पांजली टुडे न्यूज नेटवर्क**

**भिण्ड।** श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुलभ भदौरिया के निर्देश पर भिण्ड जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला भिण्ड की कार्यकारिणी घोषित की गई।जिसमें पत्रकार अर्पित गुप्ता जी की सक्रियता को देखते हुए उन्हें संगठन में सँयुक्त सचिब भिण्ड नियुक्त किया गया है।यहां बता दें कि अर्पित गुप्ता ने बहुत ही कम समय मे पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है।जिसके चलते उन्हें लगातार पदोन्नती व नए संस्थानों में जगह मिलती रही है।यहां बता दें कि वर्तमान में अर्पित गुप्ता जी द हिन्द टुडे न्यूज के एडिटर है साथ ही पुष्पांजली टुडे( दैनिक समाचार पत्र,ऑनलाइन न्यूड़ चैनल,वेब पोर्टल,मासिक पत्रिका )में लगातार 6 वर्षो से बतौर उपसम्पादक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।इसी के साथ वह 4 वर्ष से स्वराज एक्सप्रेस चैनल में भी अपनी सेबायें दे रहे हैं।वहीं वह एमपी लाइव,भारतीय न्यूज आदि संस्थानो में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।यहां बता दें कि अर्पित गुप्ता जी ने वर्ष 2014 में मीडिया जगत में कदम रखा था।जिस दौरान वह भास्कर न्यूज,दैनिक उदगार,दैनिक इंडिया आज



कल,चम्बल की तस्वीर,प्रजातन्त्र का स्तम्भ आदि कई संस्थानो में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।पत्रकारिता व लेखन के क्षेत्र में उनके कार्य को देखते हुए उन्हें भारत के कई राज्यो में सम्मानित भी किया जा चुका है।श्रमजीवी पत्रकार संघ में उन्हें बतौर संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने वरिष्ठ नेतृत्व,शुभचिंतको व मित्रो का आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि संगठन ने भरोसा जताते हुए उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है जिसे वह बखूबी निभाएंगे और जल्द ही श्रमजीवी पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का गठन करेंगे जिससे संगठन को मजबूती मिल सके।इस दौरान उन्हें बधाई देने वालो में पुष्पांजली टुडे सम्पादक भरत सिंह चौहान, महिमा एक्सप्रेस सम्पादक अभिषेक शिवहरे, नवनीत एक्सप्रेस सम्पादक महेंद्र तिवारी,संसद मत सम्पादक हेमन्त गुप्ता,वीनस टुडे सम्पादक वरुण गुप्ता, ग्वालियर की शान सम्पादक मृगनेंद्र सिंह,संघर्ष न्यूड़ सम्पादक राजेन्द्र झा, सन्दीप शुक्ला, भिंड रमाशंकर शर्मा, हेमन्त शर्मा आज तक, नवीन शर्मा, गुणाकेश पाराशर, परिनिधेश भारद्वाज, एन के भटेले, अनिल चौधरी, प्रदीप चौधरी, गिर्राज बौहरे, शुभम जैन, विपिन भारद्वाज, आशुतोष राजौरिया, मनीष ऋषिवर, असवार रविकांत त्यागी, गोहद देवेंद्र जैन, ऊमरी राघवेंद्र जी, मिहोना नीरज शर्मा, पंकज शर्मा, पवन शुक्ला, दबोह मोहित गोस्वामी, दिलीप नायक, रविन्द्र शर्मा, कुंजबिहारी कौरव, हरिश्चंद्र पाण्डेय, पंकज शर्मा, राजाभैया पाल, सुधांशु मुदगल, बीपी बौद्ध, अजय त्रिपाठी,चिराग गुप्ता,आलमपुर उत्तम त्रिपाठी,उदयराज चौहान,मयंक त्रिपाठी,रोबिन अग्रवाल,अजीज पठान,लहार राजू त्रिपाठी,मोनू उपाध्याय,नितिन त्रिपाठी,बिबेक दुबे,विवेक पांडेय,राजू मुडोतिया,संजीव चौधरी,उत्तम चौधरी,देवानंद नायक,रावतपुरा महेन्द्र त्रिपाठी,सेंवड़ा रहीम मलिक,मुरैना पुष्पेंद्र तोमर,अम्बाह केशव पण्डित जी,इंदरगड़ सुनील खरे,समथर यशपाल सिंह,करैरा संजय गुप्ता बिलैया,शिवपुरी मयंक खत्री,रामस्वरूप रजक,सुनील रजक,गुना चन्द्रप्रकाश मांझी आदि पत्रकारो के साथ साथ कई राजनैतिक दल के नेता एवम अर्पित गुप्ता मित्र मंडल शामिल है।।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा मौ भाजपा मंडल अध्यक्ष रघुराज गुर्जर जतरवई बने गुर्जर महासभा के भिंड जिला अध्यक्ष

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर डॉ. बेताल सिंह गौड़**



अत्यंत हर्ष के साथ अवगत कराना चाहता हूँ कि आपके द्वारा गुर्जर समाज के लिए समाज हित मे किए गए उत्कृष्ट कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय मा0 श्री दीपक पुरूषोत्तम पाटिल जी के अनुमोदन से आपको अ0भा0 गुर्जर महासभा म0प्र0 में निम्नांकित पद पर 3 वर्ष के लिए नियुक्त किया जाता है। आशा है कि अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के उददृश्यों के तहत समाज हित में कार्य कर समाज को नई दिशा प्रदान करेगें और महासभा म0प्र0 इकाई को मजबूत करेगे । इस बीच मा. श्री बच्चू सिंह गुर्जर बैंसला प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुर्जर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजवीर सिंह पटेल (ग्वालियर) प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल (इंदौर) प्रदेश महामंत्री प्रताप सिंह गुर्जर (भोपाल) आदि लोगों मैं बधाई और शुभकामनाएं दी।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हाईस्कूल की चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**






हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 22130 छात्र-छात्राओं में से 21127 उपस्थित रहे, 1003 रहे अनुपस्थित, एक नकल प्रकरण दर्ज

भिण्ड । माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने हिन्दी विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में शा.उ.उ.मा.वि. क्रं. 01, जैन उ.मा.वि., रविन्द्र नाथ टैगोर उमावि, अशासकीय एल.एस.बी. डीएड कॉलेज मुरलीपुरा, मां गायत्री डीएड कॉलेज, मॉ गिरजादेवी डीएड कॉलेज जामना रोड़, शा.मा.वि बुनियादी जेल रोड़, शा.डाइट भिण्ड, शा.मा.वि. विक्रमपुरा परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 22130 छात्र-छात्राओं में से 21127 उपस्थित रहे, 1004 अनुपस्थित रहे, पं. दीनदयाल डंगरोलिया डीएड कॉलेज मेहगांव में एक नकल प्रकरण दर्ज किया गया।

## मप्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट पूरी तरह से निराशाजनक है : डॉ. गोविन्द सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड मप्र**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह जी ने आज दिनांक 01 मार्च 2023 को 2023-24 का बजट सदन में पेश किया गया उस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में शासकीय कर्मचारियों को पूर्व पेंशन, संविदा/अतिथि शिक्षकों/ अतिथि विद्ववानों व आउटसोर्स पर नियुक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण व उनके वेतन भत्तों में बढ़ोत्तरी का कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसी प्रकार किसानों की कर्ज़ माफी व उनकी आय बढ़ाने का कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि बेरोजगारों/ नौजवानों के रोजगार के संबंध में भी कोई भी चर्चा नहीं की गई घरेलू गैस सहित बढ़ती मंहगाई से मध्यम गरीब वर्ग को राहत देने का कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया। राज्य पर लगातार बढ़ते कर्ज़ को लेकर अब तक कोई श्वेत पत्र जारी नहीं किया गया। पूरा बजट केवल आंकड़ेबाजी तक सीमित रहा है ।

## हाईस्कूल के पहले पेपर की परीक्षा सम्पन्न

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह। बुधवार से हाइस्कूल की परीक्षा शुरू हुई। जिसके चलते दबोह के केंद्र क्रमांक 131016 शासकीय कन्या हाई स्कूल दबोह व केंद्र क्र.131068 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दबोह में परीक्षा सम्पन्न हुई।बुधवार को हाई स्कूल हिंदी का पेपर था।जिसमें शा.कन्या हाई स्कूल में कुल छात्र संख्या 299 थी।उपस्थित छात्र 290 रहे।अनुपस्थित छात्र 09 रहे।कुल 10 कक्ष में परीक्षा दी गई। वहीं शास.हायर सेकेंडरी स्कूल दबोह में कुल दर्ज छात्र संख्या 432 थी।जिसमें 413 उपस्थित रहे।19 अनुपस्थित रहे व नकल के प्रकरण निल रहे।बुधवार को परीक्षा के दौरान लहार एसडीएम आर ए प्रजापति,लहार एसडीओपी अवनीश बंसल,नायब तहसीलदार अमित दुबे ने पहुँचकर परीक्षाकेंद्र पर आकर निरीक्षण किया एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जो भी अवस्थाएं केंद्र पर मिली उनको के विद्यालय प्रभारी को अवगत कराया।इस दौरान उनके साथ पटवारी राकेश नागर भी मौजूद रहे।सम्पूर्ण जानकारी शिक्षक रजनीश पालीवाल व शिक्षक अतीक मोहम्मद खान के द्वारा प्रेषित कराई गई।

## भाग्य के भरोसे झूलता विपक्ष

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अपने रायपुर अधिवेशन में सोनिया गांधी ने अपने राजनीतिक संन्यास की घोषणा बहुत ही मर्यादित ढंग से कर दी है और उन्होंने अपने काल की उपलब्धियों और हानियों का जिक्र भी काफी खुलकर किया है लेकिन कांग्रेसियों का भक्तिभाव भी अद्भुत है। वे बार-बार कह रहे हैं कि इसे आप सोनियाजी का संन्यास क्यों मान ले रहे हैं? वे अब भी कांग्रेस की सर्वोच्च नेता हैं। यह कथन बताता है कि सोनिया गांधी के प्रति कांग्रेसियों में कितनी अंधभक्ति है? क्या आपने कभी अटलजी या आडवाणीजी के प्रति ऐसा भक्तिभाव भाजपा में देखा है? सभी लोकतांत्रिक देशों की पार्टियां समय-समय पर अपने नेताओं को बदलती रहती हैं लेकिन हमारी कांग्रेस पार्टी को आजादी के बाद जड़ता ने ऐसा घेरा है कि वह पार्टी नहीं, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है, जैसे कि हमारी प्रांतीय पार्टियां हैं। अब कांग्रेस कह रही है कि उसी के नेतृत्व में मोदी-विरोधी मोर्चा बनाना चाहिए। यदि कांग्रेस के बिना कोई तीसरा गठबंधन बनेगा तो मोदी को हटाना आसान नहीं होगा। वोट बंट जाएंगे लेकिन तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति, समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी आदि पार्टियां क्या कांग्रेस को अपना नेता स्वीकार कर लेंगी? मल्लिकार्जुन खड़गे तो नाममात्र के अध्यक्ष हैं। असली कमान तो राहुल गांधी के हाथ में है। क्या इन सभी पार्टियों के वरिष्ठ नेता राहुल को अपना नेता मान लेंगे? उम्रदराज लोग राहुल को जरूर नेता मान लेते लेकिन वैसे गुण राहुल में हैं क्या? खड़गे का यह कहना ठीक है कि 2004 से 2014 तक कई दलों ने कांग्रेस के साथ सफल गठबंधन किया हुआ था लेकिन उस समय कांग्रेस सत्ता में थी और अब तो यह उम्मीद भी नहीं है कि संसद में इस समय उसके जितने सदस्य हैं, उतने भी 2024 के बाद भी रह पाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष का यह कहना कि 2024 में भाजपा के सांसदों की संख्या 100 से नीचे हो जाएगी, कोरी कपोल कल्पना ही है। जो पार्टियां कांग्रेस के साथ मिलकर 2024 का चुनाव लड़ना चाहती हैं, उनमें गजब का लचीलापन है। कांग्रेस उन पर मुग्ध है लेकिन क्या कांग्रेस यह भूल गई कि नीतीश का जनता दल, शरद पवार की एन.सी.पी. और डी.एम.के. जैसी पार्टियां कब पलटा खा जाती हैं और कब इधर से उधर खिसक जाती हैं, किसी को कुछ पता नहीं। विरोधी दलों का मोर्चा बनने में जितनी देर लगेगी, वह उतना ही कमजोर और अविश्वसनीय होगा। विरोधी दलों का मोर्चा किसी तरह बन भी गया तो भी वह नरेंद्र मोदी की कृपा के बिना कभी सफल नहीं हो सकता। यदि मोदी सरकार विपक्ष पर वैसी ही कृपा कर दे, जैसी कि इंदिरा गांधी ने आपात्काल लाकर की थी या राजीव गांधी ने बोफोर्स के जरिए की थी तो हमारे लकवाग्रस्त विपक्ष में थोड़ी-बहुत जान जरूर पड़ सकती है। अब भारत की राजनीति से विचारधारा का तो अंत हो गया है लेकिन हमारे विपक्ष के पास न कोई मुद्दा है, न कोई नीति है और न ही कोई नेता है। वह भाग्य के भरोसे झूल रहा है।

## ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रही मांग से रोजगार के अवसरों में वृद्धि दृष्टिगोचर

प्रहलाद सबनानी

कैंटार वर्ल्ड पैनल द्वारा जारी एक प्रतिवेदन के अनुसार भारतीय ग्रामीण बाजारों में बहाली के संकेत दिखाई दे रहे है। विशेष रूप से किराना वस्तुओं की मांग में सुधार दिख रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही, अक्टोबर-दिसम्बर 2022 के दौरान उत्पादों की मांग में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। शहरी इलाकों में 3.6 प्रतिशत एवं ग्रामीण इलाकों में 1.3 प्रतिशत से उत्पादों की मांग बढ़ी है। व्यक्तिगत वस्तुओं में वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत की तथा खाद्य एवं पेय पदार्थों में वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत की रही है। हालांकि उत्पादों की यह मांग अब भी कोरोना महामारी के पूर्व के खंडकाल अर्थात अक्टोबर-दिसम्बर 2020 की तिमाही में शहरी क्षेत्रों में 4.4 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 6.6 प्रतिशत से कम है। परंतु, पिछले 5 तिमाहियों से वृद्धि दर लगातार ऋणात्मक बनी हुई थी वह अब जाकर इस तिमाही में सकारात्मक हो गई है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दरअसल आय की उतनी समस्या नहीं है। इन इलाकों में नागरिकों की आय तो बढ़ रही है परंतु अभी खर्च नहीं हो पा रहा है क्योंकि कोरोना महामारी के दौरान सबसे अधिक विपरीत असर इस वर्ग पर ही पड़ा था और उन्होंने इस खंडकाल में सरकारी सहायता के बावजूद अपना जीवन यापन अपनी पूर्व की बचतों अथवा सम्पत्तियों को बेचकर किया है। अब जब उनकी आय बढ़ रही है तो यह वर्ग पहिले अपनी बचतों को वापिस उसी स्तर पर लाने में लगा हुआ है। इसके बाद ही वह अपनी बढ़ी हुई आय का उपयोग खाद्य पदार्थों के अलावा अन्य वस्तुओं को खरीदने में करेगा। फिर भी, कुल मिलकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी कोरोना महामारी के बाद अब पटरी पर आ गई है। कम आमदनी वाले वर्ग की आय में भी सुधार हुआ है। इसी के चलते वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में रोजमर्रा की वस्तुओं की मांग में सुधार दृष्टिगोचर है।

एक अनुमान के अनुसार भारत में कोरोना खंडकाल के पूर्व, निचले स्तर की 20 प्रतिशत जनसंख्या की आय देश की कुल आय का 7 प्रतिशत थी एवं ऊपरी स्तर के 20 प्रतिशत जनसंख्या की आय देश की कुल आय का 45 प्रतिशत थी जो कोरोना खंडकाल में क्रमशः घटकर 3 प्रतिशत एवं बढ़कर 54 प्रतिशत हो गई थी। परंतु, अब वर्ष 2023 में निचले स्तर की 20 प्रतिशत जनसख्या की आय 5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है इस प्रकार अब गरीब वर्ग की आय में भी वृद्धि हो रही है। चूंकि कोरोना खंडकाल के दौरान कई नागरिकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन किया था, अब शहरी क्षेत्रों में निर्माण एवं अन्य उद्योगों में प्रारम्भ हुई गतिविधियों के चलते ये लगभग समस्त ग्रामीण नागरिक शहरों में वापिस आ गए हैं एवं उन्हें अपना रोजगार भी वापिस मिल गया है।

इसी प्रकार, जनवरी 2023 माह में हवाई यात्रियों की संख्या में 95 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। जनवरी 2022 में 64.08 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की थी जबकि जनवरी 2023 में यह संख्या बढ़कर 125 लाख यात्रियों के स्तर पर पहुंच गई है। अब हवाईजहाजों में उपलब्ध क्षमता का 80 प्रतिशत तक उपयोग हो रहा है। इसके चलते एयरलाइन कम्पनियां अपने बेड़े में हवाईजहाजों की कमी महसूस करने लगी है एवं नए हवाईजहाजों की खरीद करने में व्यस्त हो गई हैं। भारत में अब औसतन 4.20 लाख यात्री प्रतिदिन हवाई यात्रा कर रहे हैं।

समस्त होटलों के किराए लगभग 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। होटलों में कमरों की मांग 4.8 गुना बढ़ गई है एवं कई बड़े बड़े होटल तो फरवरी एवं मार्च 2023 माह के दिनों के लिए अभी से ही



बुक हो चुके हैं। भारत में एक तो अपर एवं मिडल क्लास की संख्या में वृद्धि हो रही है एवं विभिन्न कम्पनियों के कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली यात्रा में भी वृद्धि हो रही है। दूसरे, विभिन्न राज्यों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेश सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। भारत को अभी हाल में जी-20 देशों की अध्यक्षता हासिल हुई है अतः जी-20 देशों के विभिन्न सम्मेलनों का आयोजन भी अब भारत में हो रहा है जिससे विभिन्न देशों के प्रतिनिधि इन सम्मेलनों में शामिल होने के लिए भारत आ रहे हैं। साथ ही, भारत ने भी कई विशेष सम्मेलनों का आयोजन हाल ही में किया है जैसे एयरो इंडिया, ऑटो एक्स्पो, इंडिया इनर्जी वीक, अप्रवासी भारतीय सम्मेलन, आदि। इन सम्मेलनों में भी विदेशी मेहमानों का आगमन भारत में हुआ है। जिसके चलते विभिन्न होटल पूर्णतः बुक रहे हैं एवं हवाई यात्रियों की संख्या भी बढ़ रही है।

जनवरी 2023 माह में चारपहिया वाहनों की बिक्री में भी अतुलनीय सुधार हुआ है। जनवरी 2022 में 2.79 लाख चारपहिया वाहनों की बिक्री हुई थी, जो जनवरी 2023 में 22 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर 3.40 लाख हो गई। जबकि व्यावसायिक वाहनों की बिक्री जनवरी 2022 में 70,853 की रही थी जो जनवरी 2023 में बढ़कर 8,2428 हो गई है। इस प्रकार, 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की गई है। दुपहिया वाहनों की बिक्री में भी अब तेजी दिखाई दे रही है।

महानगरों एवं शहरी इलाकों में विकास, ग्रामीण इलाकों की तुलना में तेज गति से हो रहा है। सम्पन्न वर्ग एवं मिडल आय वर्ग के नागरिक जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 35 प्रतिशत भाग हैं की आय में वृद्धि दर तुलनात्मक रूप से अधिक है। परंतु, अब शेष 65 प्रतिशत नागरिकों की आय में भी वृद्धि देखी जा रही है। इस सबका अच्छा असर अब रोजगार के अवसरों पर भी पड़ रहा है। शहरी इलाकों में तो रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं परंतु अब छोटे छोटे शहरों एवं ग्रामीण इलाकों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं।

हाल ही के समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईटी क्षेत्र की कुछ कम्पनियों द्वारा की गई अपने कर्मचारियों की छंटनी के बाद भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हल्के काम, ÷गिग अर्थव्यवस्था÷, करने वाले इंजिनीयरों की मांग में हाल ही के समय में 5 गुना वृद्धि दर्ज हुई है। भारत में भी कोरोना महामारी के तुरंत बाद कई भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनियों एवं स्टार्ट अप कम्पनियों ने जरूरत से अधिक कर्मचारियों की भर्ती कर ली थी। आवश्यकता से अधिक की गई भर्ती को अब इन कम्पनियों द्वारा तर्कसंगत बनाया जा रहा है। अतः कुछ कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। कोरोना महामारी के बाद से अभी तक इन क्षेत्रों में कई कर्मचारी अपने घरों से ही कार्य कर रहे थे परंतु अब चूंकि अर्थव्यवस्था पूरे तौर पर खुल चुकी है अतः अब कर्मचारियों को वापिस अपने कार्यालयों में लौटने को कहा गया है। इसके चलते अर्थव्यवस्था के कई अन्य क्षेत्र भी वापिस पटरी पर आ गए हैं एवं कम्पनियों के कुछ खर्चे बढ़ गए हैं तथा इन कम्पनियों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है।

## व्यवहार से ही मिल गया सवाल का जवाब

एक दार्शनिक समस्याओं के अत्यंत सटीक समाधान बताते थे। एक बार उनके पास एक सेनापति पहुंचा और स्वर्ग-नर्क के विषय में जानकारी चाही। दार्शनिक ने उसका पूर्ण परिचय पूछा तो उसने अपने वीरतापूर्ण कार्यों के बारे में सविस्तार बताया। उसकी बातें सुनकर दार्शनिक ने कहा - शक्ल-सूरत से तो आप सेनापति नहीं, भिखारी लगते हैं। मुझे विश्वास नहीं होता कि आपमें हथियार उठाने की क्षमता भी होगी। दार्शनिक की अपमानजनक बातें सुनकर सेनापति को गुस्सा आ गया। उसने म्यान से तलवार निकाल ली। यह देख दार्शनिक ठहाका लगाते हुए बोले - अच्छा तो आप तलवार भी रखते हैं। यह शायद काठ की होगी। लोहे की होती तो अब तक आपके हाथ से छूटकर गिर गई होती। अब तो सेनापति आपे से बाहर हो गया। उसकी आंखें क्रोध से लाल हो गईं और वह दार्शनिक पर हमला करने को उद्यत हो गया। तभी दार्शनिक ने गंभीर होकर कहा - बस यही नर्क है। क्रोध में उन्मत्त होकर आपने अपना विवेक खो दिया और मेरी हत्या करने को तत्पर हो गए। दार्शनिक की बात सुनकर सेनापति ने शांत होकर तलवार म्यान में वापस रख ली। तब दार्शनिक ने कहा - विवेक जाग्रत होने पर व्यक्ति को अपनी भूलों का अहसास होने लगता है। मन शांत होने से स्थिरता आती है और दिव्य आनंद की अनुभूति होती है। यही अनुभूति स्वर्ग है।

## तो दक्षिणपंथियों को इसलिये है कांग्रेस से नफ़रत

तनवीर जाफ़री

स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करते हुये जिस कांग्रेस पार्टी ने भारतवर्ष को अंग्रेज़ों की ग़ुलामी की ज़ंजीरों से मुक्त कराया था, जिस कांग्रेस पार्टी को दुनिया गांधीवादी दर्शन एवं विचारों पर चलने वाली पार्टी के रूप में जानती है, उसी ऐतिहासिक कांग्रेस पार्टी को देश से समाप्त किये जाने का गोया एक अभियान दक्षिणपंथी विचारधारा के लोगों द्वारा दशकों से चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो कई बार अपनी चुनावी जन सभाओं में कांग्रेस मुक्त भारत बनाये जाने जैसी बातें करते रहे हैं। निश्चित रूप से 2014 से लेकर अब तक कांग्रेस पार्टी को काफ़ी संकट का सामना भी करना पड़ा है। कांग्रेस को सबसे अधिक नुक़्सान पार्टी में ही छुपे बैठे दर्जनों जय चंदों और मीर जाफ़रों से उठाना पड़ा है जो सत्ता की लालच में गांधीवादी विचारधारा वाली पार्टी को छोड़कर धुर विरोधी विचारधारा रखने वाली दक्षिणपंथी पार्टी से जा मिले। तो अनेक नेताओं को सत्ता द्वारा ई डी, इनकम टैक्स या सी बी आई का भय दिखाकर उन्हें अपने पक्ष में कर लिया गया। अनेक बार यह भी देखा गया कि भ्रष्ट या अपराधी क़िस्म का कोई नेता कांग्रेस या दूसरी पार्टी छोड़कर यदि भाजपा में शामिल हुआ तो उसके विरुद्ध होने वाली जांच या कार्रवाइयां रोक दी गयीं। तभी मीडिया के एक वर्ग ने भाजपा को भ्रष्टाचार और अपराध धोने वाली वाशिंग मशीन का नाम भी दिया था। देश की संसद हो या चुनावी जानसभायें, भाजपा के शीर्ष नेताओं से लेकर राज्यों व ज़िला स्तर के छुटभैय्ये नेताओं तक, सभी एक फ़ैशन की तर्ज़ पर कांग्रेस, गांधी, नेहरू, धर्मनिरपेक्षतावादियों, गांधी-नेहरू विचारधारा के समर्थकों को किसी भी निचले स्तर तक जाकर कोसते रहते हैं। उनपर चारित्रिक हमले तक करते हैं। ये लोग कभी नेहरू को मुसलमान तो कभी फ़िरोज़ गांधी को मुसलमान बताने में अपने झूठ तंत्र की सारी



ऊर्जा खपा डालते हैं। और कुछ नहीं तो पिछले दिनों बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद देते हुये देश की संसद में स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने यह तक पूछ लिया कि -नेहरू अगर महान हैं तो नेहरू सरनेम लगाने में क्या शर्मिन्दिगी है? आश्चर्य है कि देश के प्रधानमंत्री केवल चुटकी लेने के लिये देश की संसद में इस तरह का वक्तव्य देकर प्रधानमंत्री पद की गरिमा को तार तार करते हैं। जबकि वे ही नहीं पूरा देश भली भांति जानता है कि भारतीय समाज में पिता का नाम सर नेम के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है जो नेहरू परिवार के लोग फ़िरोज़ गांधी की वजह से करते आ रहे हैं। ऐसे में नेहरू सर नेम इस्तेमाल करने की गुंजाईश ही कहाँ रह जाती है। परन्तु यह भी कांग्रेस पर आक्रमण की उनकी अपनी निराली शैली है।

बहरहाल कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की तमाम कोशिशों के बावजूद देश के विभिन्न राज्यों में कांग्रेस सत्ता में भी है और कई राज्यों में सत्ता की भागीदार भी। परन्तु दक्षिणपंथी भी सत्ता शक्ति का पूरा फ़ायदा उठाते हुये कांग्रेस पार्टी व इसके बड़े नेताओं को डराने धमकाने व नीचा दिखाने में लगे हैं। याद कीजिये गत वर्ष यानी अगस्त 2022 में प्रवर्तन निदेशालय यानी ई डी द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को ई डी के दफ़्तर में बार बार बुलाकर उन से पूछताछ की गयी थी। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय यानी ई डी के अधिकारियों ने राहुल गांधी से 5 दिन में क़रीब 54 घंटे और सोनिया गांधी से 3 दिन में 11 घंटों से भी अधिक समय तक पूछताछ की थी। उस दौरान भी कांग्रेस ने इस पूछताछ को ग़ैर ज़रूरी, उनके नेताओं को अपमानित करने वाला तथा राजनीतिक बदला बताया था। इसी तरह गत दिनों छत्तीसगढ़ में कोयला लेवी घोटाले में कार्रवाई के नाम पर प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस पार्टी के राज्य के छः नेताओं के ठिकानों पर छापे मारी की। इन में कई विधायक व संगठन के पदाधिकारी शामिल हैं।

## लोक सभा में डिप्ट्री स्पीकर का पद चार बर्षो से खाली क्यू है

विनोद तकियावाला

विश्व के सबसे बडे लोकतंत्र में संसदीय शासन प्रणाली अपनाई गई है।जिसमें संसद व संविधान सर्वोच्च है।इस प्रणाली के अर्न्तगत संसद जिसमे लोक सभा-राज्य सभा का प्रावधान है। लोक सभा में जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होते है।लोक सभा के कार्यवाही सुचारू रूप से चले इसके हमारे संविधान में वर्णित किया गया है। इसके अनुसार लोक सभा स्पीकर/डिप्ट्री स्पीकर का उल्लेख किया गया है।हालाकि डिफ्ट्री स्पीकर के पद के लिए अनिवार्य नही है। केद्र की भाजपा सरकार पुरानी परमपरा को दर किनार कर अपने हिसाब से रंग रोगन कर नया इतिहास

रचकर स्वर्णाक्षर अपनी छवि अंकित करना चाहती है।ऐसे में दबी जुबान से काना पुसी होना स्वभाविक है।कुछ ऐसी ही तस्वीर जनता के समक्ष आई है।तभी तो जनता के मन कुछ सवाल उठने लगे हैं कि क्या भारतीय जनता पार्टी लोकसभा की कार्यवाही अपने हिसाब से चलाना चाहती है? विगत दिनो हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के बाद जिस तरह की गहमा गहमी संसद के दोनों सदन में दिखी,उसे देखते हुए अगर कांग्रेस का डिप्टी स्पीकर चेयर पर होता तो इस तरह का पक्ष - विपक्ष मेक्या दृश्य देखने को मिलता.. क्या केंद्र की सता के सिंघासन पर आसीन भाजपा को इस तरह की आशंका भी सता रही है? तभी कॉग्रेश के नेता मलिकाजून खडगें व राहुल गांधी के भाषण के कई हिस्से को संसद के कार्यवाही से हटा दिए गए,अगर उस समय चेयर पर कोई और होता तो क्या ऐसा फैसला नहीं होता?ये सवाल सिर्फ मेरे नहीं हैं। बल्कि देश के जागरूक जनता के मन में भी शक -शंका उठना स्वाभाविक है। तभी तो सुप्रीम कोर्ट में डिप्टी स्पीकर का मुद्दा जा चुका है।आये दिनो देश का सर्वोच्च न्यायलय मोदी सरकार से खफा है।दिल्ली नगर निगम के चुनाव सम्पन्न हुए महीने बीत जाने के बाद काफी ड्रामा हो के वाद दिल्ली को मेयर और डिप्ट्री मेयर मिल गया है। लैकिन दिल्ली नगर निगम के सदन में स्टेडिंग कमिटि के सदस्यो के चुनाव जो घटना घटी है और मामला उच्च न्यायलय में पहुँच गई। इसके पूर्व माननीय सर्वोच्च न्यायालय को यह कहना पड़ा कि क्यूं बार न्यायलय को हस्तक्षेप करना पड़ता है।इससे पहले कोलीजियम सिस्टम पर सरकार व माननीय सर्वोच्य न्यायलय तनातनी समाने आई थी।

सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले हैं एवं अगले वर्ष 2024 में नई लोकसभा के चुनाव होने वाली है।केंद्र मे भाजपा सरकार के दुसरे कार्यकाल में मात्र एक साल से कुछ ही ज्यादा का समय बचा है,लेकिन अभी तक मोदी सरकार लोकसभा का डिप्टी स्पीकर नहीं बना पाई। राजनीतिज्ञ मामले के जानकार का कहना है कि एक ऐसी राजनीति पार्टी जो 30 साल बाद पूर्ण बहुमत से 2014 में सत्ता में आई और जनता ने पुनः जिसे दूसरी बार 2019 में प्रचंड बहुमत दिया !लोकसभा में बहुमत का जादुई आंकड़ा 273 हैऔर भारतीय जनता पार्टी को अकेले 303 सीटें मिलीं।इसके बावजूद डिप्टी स्पीकर न बना पाना हैरान करने वाला है। आखिरकार भाजपा की सरकार व भाजपाईयो को किस बात का डर सता रही है।इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका डाली गई है जिसकी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दो हफ्तों में मोदी सरकार से जवाब मांगा है।लोकसभा के डिप्टी स्पीकर का जिक्र संविधान के अनुच्छेद 93 में है।वहीं राज्यों में विधानसभा के डिप्टी स्पीकर का जिक्र अनुच्छेद 178 में है।सिर्फ केन्द्र मे मोदी



सरकार ही नहीं बल्कि राजस्थान,उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,उत्तराखंड,मणिपुर और झारखंड की राज्य सरकारों ने भी विधानसभा के डिप्टी स्पीकर नहीं बनाए हैं।याद रहे कि राजस्थान और झारखंड को छोड़ बाकी जगहों में बीजेपी ही सत्ता पर काबिज है।

पी वी नरसिंह राव को जो 1991 में प्रधानमंत्री बने। ये दसवीं लोकसभा थी।तभी से एक नई परंपरा ने जन्म लिया।सत्तारूढ़ पार्टी ने डिप्टी स्पीकर का पद विपक्षी पार्टी को देने की सकारात्मक परंपरा शुरू की।इससे पहले जिस पार्टी की सरकार उसी के पास दोनों पद होते थे।पहली बार 1991 में भाजपा के एस मल्लिकार्जुनैया डिप्टी स्पीकर बनाए गए थे।कांग्रेस अगर चाहती तो मना कर सकती थी।लोकसभा में कांग्रेस के 252 सदस्य थे और भाजपा के सिर्फ 121 सदस्य11वीं लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी सिर्फ 13 दिनों तक पीएम रह सके इसलिए नियुक्ति की नौबत ही नहीं आई।बिना चुनाव हुए संयुक्त मोर्चा की सरकार एक जून 1996 को बनती है।एचडी देवगौड़ा पी एम बनते हैं।लालू प्रसाद यादव के विद्रोह और जनता दल में टूट के बाद इंद्र कुमार गुजराल नया पीएम बनते हैं।लेकिन इस दौरान कांग्रेस के पी ए संगमा लोकसभा अध्यक्ष बने रहे व भाजपा के सूरज भान उपाध्यक्ष।सूरज भान की गिनती हरियाणा में बीजेपी के बड़े नेताओं में होती थी।संयुक्त मोर्चा को 332 लोकसभा सदस्यों का समर्थन प्राप्त था।मतलब भाजपा को ये पद देने की कोई बाध्यता नहीं थी। फिर भी परंपरा निबाही गई।जब अटल बिहारी बाजपेयी ने 1998 में 13 महीनों वाली सरकार बनाई तो एनडीए के घटक तेलुगु देशम पार्टी को लोकसभा अध्यक्ष का पद मिला। जीएमसी बालयोगी इस पद पर काबिज हुए।लेकिन डिप्टी स्पीकर का पद कांग्रेस के धाकड़ नेता पी एम सईद को दिया गया जो 1964 से 2004 तक लक्षद्वीप से सांसद रहे। हालांकि तब भी 270 दिनों की देरी हुई थी।इसके बाद त्रिशंकु सदन से जनता तौबा करती है।1999 में अटलजी की अगुआई में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलता है और आजादी के बाद पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार अपना टर्म पूरा करती है। ये बात गौर करने वाली है कि इस दौरान अटलजी पीएम सईद को ही डिप्टी स्पीकर बनाए रखते हैं।

अब जरा याद कीजिए उस 1991 के उस दिन को जब केन्द्र में कॉग्रेस पार्टी की सरकार बनी व पीवी नरसिंह राव प्रधानमंत्री बने।ये दसवीं लोकसभा थी।तभी से भारतीय लोक तंत्र में एक नई परंपरा ने जन्म लिया। सत्तारूढ़ पार्टी ने डिप्टी स्पीकर का पद विपक्षी पार्टी को देने की सकारात्मक राजनीति की स्वस्थ्य परंपरा शुरू की।इससे पहले जिस पार्टी की सरकार होती थी उन्ही के पास दोनों पद होते थे। लेकिन पहली बार 1991 में भाजपा के एस मल्लिकार्जुनैया को डिप्टी स्पीकर बनाए गए।देश की सबसे बड़ी पंचायत में बहुमत से हासिल सत्ता के दंभ के दूर विपक्ष की भूमिका बनाए रखने में इस परंपरा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।सन 2004 में शाइनिंग इंडिया कैम्पन की आग में बीजेपी झुलस गई।मनमोहन सिंह की अगुआई में यूपीए सरकार बनती है।लोक सभा मे तत्कालीन अध्यक्ष के पद पर सोमनाथ चटर्जी बनाए जाते हैं।स्वतंत्र लोकतंत्र की परम्परा को ध्यान में रखते हुए उप सभापति अर्थात डिप्ट्री स्कीपर का पद एनडीए के घटक अकाली दल के नेता चरणजीत सिंह अटवल को दिया जाता है।मनमोहन सिंह ने अपनी दुसरे कार्य काल में भी ये स्वस्थ परंपरा को बखुबी निभाते हुए अपनी विपक्षी भाजपा के आदिवासी कदावर नेता करिया मुंडा डिप्टी स्पीकर बनाए बनाया हैं।सन 2014 मे भारतीय लोकतंत्र में बदलाव की ब्यार बहती है और पूर्ण बहुमत से भाजपा की कमल खिलता है।व मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाती है।लोक सभा मे मीरा कुमार की अध्यक्ष कार्यकाल की समाप्ति के बाद भाजपा की सुमित्रा महाजन लोकसभा की अध्यक्ष बनती हैं व विपक्ष कांग्रेस पार्टी के एम थंबीदुरई डिप्टी स्पीकर के रूप मनोनित किया गया।पुनः 2019 मे भारतीय लोकतंत्र के जनता जर्नादन के आर्शीवाद से पीएम मोदी 17वीं लोकसभा में अपनी सरकार बनाती है ।भारतीय लोकतंत्र के इस परम्परा पर विराम चिन्ह लगाते हुए।लोक सभा के अध्यक्ष के रूप मेंओम बिरला अध्यक्ष बनाये गये लेकिन मोदी सरकार के द्वारा अपनी दुसरे शासन के अन्तिम वर्ष में भी नो डिप्टी स्पीकर के पद पर आसीन किया है। आप को बता दे कि इतना महत्वपूर्ण संवैधानिक डिप्टी स्पीकर का पद 24 मई,2019 से रिक्त है। जैसा कि अभी सरकारी विभागों में लाखों पद खाली हैं।नई भर्ती की प्रक्रिया को ठण्डे बस्ते में डाल रखा है।उसी परम्परा पर अपनी मौन स्वीकृति दे कर भाजपा की केंद्र की सरकार ने पी वी नरसिंह राव ने शानदार परंपरा की शुरुआत की विराम लगा दिया है!

## शांति की तलाश

शांति की तलाश में हर कोई रहा भटक,
कहकर खुद को शांत रहा तनाव अटक,
धर्म के ठेकेदार दूसरों को भटकाते,
खुद को शांति का दूत बतलाते,
रह नहीं सकते शांत जहर उगलने वाले,
रखते बगल में छुरी दिल उनके काले,
मानव जाति आज हताश और निराश
मानव कर रहा शांति की तलाश।

शांति की तलाश में घर से निकला,
हर कोई दिखे जुबान से फिसला,
डर है लोगों की भीड़ न हो जाए बेकाबू
मूर्ख बनाने वाले लोगों का चल रहा जादू,
दूसरों को देकर मिलावटी सामान,
हो रहा मानवता का घनघोर अपमान,
नहीं आज जरा सा किसी को आभास,
मानव कर रहा शांति की तलाश।

हर कोई आज तनाव की शरण में खड़ा,
समझा काम क्रोध लोभ मोह को बड़ा,
टेक दिए उसने सबके आगे घुटने,
संयुक्त परिवार लगा है आज टूटने,
खून के संबध की हुई कच्ची डोर,
कौवे भी घूम रहे हैं बनकर मोर,
शांति पाने को कर कुछ प्रयास,
मानव कर रहा शांति की तलाश।

धर्म स्थलों पर भी नहीं शांति का संदेश,
छोटी-छोटी बातों पर आ रहा आवेश,
गुरु शिष्य परंपरा लगा है ग्रहण,
रहकर चुप हर कोई कर रहा सहन,
सभी दिशाओं पर खड़े आज यमदूत,
मिलावट के दौर में हर कोई हर लूट,
छोड़कर मातृभूमि हो रहा प्रवास,
मानव कर रहा शांति की तलाश।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

# ऐतिहासिक धरोहर नगर का गौरव होती हैं, उनके संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता हैः कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह

## ऐतिहासिक धरोहरों से हमें वास्तविक तथ्यों की जानकारी मिलती है-एसपी श्री मयंक अवस्थी, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के 18 छात्रों के दल ने सीहोर नगर के ऐतिहासिक स्थलों का किया सर्वे, सर्वे में सीहोर नगर में 143 स्थलों को किया गया चिन्हित

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** मंगलवार को स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के छात्रों का एक दल नगर भ्रमण पर आया। इस दौरान उन्होने बताया कि जब भोपाल का अध्ययन किया जाता है तो आमतौर पर उस बिंदु को नजरअंदाज कर दिया जाता है कि भोपाल का इतिहास सीहोर से शुरू होता है। इसका उद्देश्य सीहोर शहर और इसके ऐतिहासिककारों का अध्ययन करना है। इसके महत्व को समझना है और इससे जुड़े मूल्यों की पहचान करना है। इस अध्ययन का उद्देश्य शहर से संबंधित मुद्दों और चुनौतियों को समझना है और सीहोर शहर के लिए शहरी संरक्षण रणनीतियों की प्रस्तावना देना है। ज्ञान के अभाव के कारण शहर के लोग अपनी विरासत से वियोजित हैं । इन्ही उद्देश्यों के साथ स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के छात्रों द्वारा सीहोर नगर के हेरिटेज इमारतों एवं स्थलों का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की गई। इस रिपोर्ट में नगर की धरोहरों, स्थलों का चिन्हांकन कर उनके संधारण के संबंध में सुझाव दिए गए। इस सर्वे रिपार्ट को छात्रों द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में पीपीटी तथा डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। सीहोर नगर में 143 ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, कलात्मक धरोहरों तथा स्थलों को चिह्नित किया गया है।

इस प्रस्तुतीकरण में छात्रों ने सीहोर की समस्या को संपूर्ण रूप से समझते हुए अध्ययन को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रस्ताव रखे, जैसे मंदिरों का जीर्णोद्धार, बावड़ियों का पुनर्जीवन, पुरानी संरचनाओं के अनुकूल पुनरुपयोग, हेरिटेज वाक और स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देना और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना । इस अवसर पर कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह, एसपी श्री मयंक अवस्थी एवं स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल की प्रोफेसर डॉ. विशाखा कावठेकर, प्रोफेसर श्री रमेश भोले, अपूर्वा पिल्लई, श्रीमती मानसी अवस्थी सहित सर्वे दल के सभी छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने सीहोर नगर के ऐतिहासिक धरोहरों, स्थलों पर किए गए इस सर्वे को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, कलात्मक एवं धार्मिक महत्व की धरोहरें नगर का गौरव होती हैं। निश्चित ही आज हमें अपनी धरोहरों को संरक्षित और संधारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब इतिहास और वर्तमान में गैप हो जाता है, तब तथ्यहीन एवं काल्पनिक अवधारणाएं प्रचलित होने लगती है। ऐसे मिथकों एवं




अवधारणाओं को स्थापित होने से रोकने के लिए ऐतिहासिक धरोहरों का वास्तविक रूप में संरक्षण और संवर्धन आवश्यक हो जाता है। कलेक्टर श्री सिंह ने सीहोर के शहीद स्थल और सिपाही बहादुर सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि इस स्थल का महत्व जलियांवाला बाग से कम नहीं है। जनरल ह्यूरोज की बर्बरता की कहानी दिल दहला देने वाली है। उन्होंने कहा कि शहीद स्थल को एक पवित्र स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है ताकि मध्यप्रदेश या भोपाल आने वाले पर्यटक सीहोर भी आएं। उन्होंने कहा कि सर्वे में सीहोर नगर की जितनी धरोहरों को चिन्हित किया गया है, उनके पर्याप्त प्रचार-प्रसार तथा पर्यटकों के लिए लीफलेट-बुकलेट के रूप में प्रकाशित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगर के इन स्थलों का हेरिटेज वॉक के लिए रूट बनाने के साथ ही स्थानीय ऑटो-टैक्सी चालकों को इन धरोहरों की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने तथा स्थानीय युवाओं को गाइड के रूप में तैयार करने की आवश्यकता है।कलेक्टर श्री सिंह छात्रों को बताया कि संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए महाकाल लोक की तर्ज पर सलकनपुर में देवी लोक बनाया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने सीहोर नगर के अलावा जिले के अन्य पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के सर्वे करने वाले सभी 18 छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके द्वारा सीहोर नगर की धरोहरों को सहेजने के जो सुझाव दिए गए हैं उन पर प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभागों को प्रेरित करेंगे। एसपी श्री मयंक अवस्थी ने कहा कि स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के छात्रों द्वारा किए गए इस सर्वे से ऐसे कई ऐतिहासिक धरोहरों, स्थलों की जानकारी मिली है जिनके बारे में पहले से अवगत नहीं थे। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरें हमें वास्तविकता से अवगत कराती हैं। उन्होंने कहा कि इन धरोहरों को सुरक्षित और संरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सीहोर नगर के अनेक स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां का गणेश मंदिर देश दुनिया मे प्रसिद्ध है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर के समुचित संरक्षण पर विचार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सर्वे दल के सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अन्त में कलेक्टर श्री सिंह एवं एसपी श्री अवस्थी ने स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल की प्राचार्य प्रोफेसर विशाखा काठवेकर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सूचना अधिकारी श्री संजय जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री सतीश राय, सुश्री वंदना राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रेम सीरवी समाज के उभरते आवाज के धनी

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेणचा**

सूरत -किसी ने क्या खूब कहा है जिसने भी खुद को खर्च किया है, दुनिया ने उसी को गूगल पर सर्च किया है अगर आप खुद ही खुद पर भरोसा नहीं करोगे तो ,कोई और क्यो करेगा इसी जज्बे और आत्मविश्वास से भरी हुई बहुमुखी प्रतिभा की धनी है युवा प्रतिभा प्रेम काग सीरवी स्पष्टवादी, संघर्षशील, समाज के सक्रिय एवं जागरूक जोशीले व्यक्तित्व के धनी युवा समाज सेवी, मिलनसार, व्यवहार कुशल, दृढ निश्चयी एवं समाज सेवा में तत्पर,सरल स्वभाव और अपनी ओजस्वी वाणी से किसी को भी प्रभावित करने की क्षमता रखने का संक्षिप्त परिचय है ।प्रेम काग सुपुत्र मोड़ाराम माताश्रीमती सोनी देवी। मूलनिवासी गांव नवागुड़ा पंचायत समिति रानी तहसील सुमेरपुर पाली वर्तमान सुरत गुजरात। आपने 2002 में 10 वीं माध्यमिक विद्यालय गुड़ा एंदला से पास की, त्तपचात उच्च माध्यमिक विद्यालय बांगड (पाली) से 12 वीं पास की, उसके बाद आपने डिप्लोमा फार्मेसी करने हेतु ऑक्सफोर्ड कॉलेज ऑफ फार्मेसी (बैंगलोर) से पास की, बंगलौर से फार्मेसी करने के बाद आपने व्यवसाय की ओर रुख किया व्यवसाय में आपने मेहनत व लगन से आज श्री आई माताजी की कृपा दृष्टि व आशिर्वाद से गुजरात सूरत में मेडिकल स्टोर चल रहे है।ये आपकी मेहनत व लगन का फल है।,जब आप 12 वीं पास की तब से आप समाजसेवा की रुचि रही और प्रतिभाओं के लिए कुछ न कुछ करते रहे,



समाज सेवा में आपका रुझान हमेशा से ही था, आपने गांव के श्री आईजी नवयुवक मंडल नवागुड़ा में भी हमेशा आगे रहे, सीरवी विकास संस्थान सुमेरपुर परगना ,में भी आप कार्यकारिणी सदस्य गण है।सीरवी समाज (सूरत) में भी आप संस्थान के एरिया मेंबर के रूप में कार्यरत है, अब आपने मन मे ठान लिया कि मुझे अब समाज सेवा के साथ साथ समाज के धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम में मंच संचालन के रूप में एंकरिंग करनी है। आप पिछले 7-8 महीनो से प्रोफेशनल एंकरिंग के रूप में काम कर रहे है,व पिछले 7-8 महीनो में (श्री आईमाता प्राण प्रतिष्ठा इंद्रोकाकी ढाणी , श्री आईमाता प्राण प्रतिष्ठा जाडन , श्री आईमाता प्राण प्रतिष्ठा खिंवाड़ा , श्री नरसिंह भगवान प्राण प्रतिष्ठा खौड़, श्री रामदेवजी प्राण प्रतिष्ठा गुड़ियां, श्री जैकलजी प्राण प्रतिष्ठा मोकमपुरा श्री आईमाता प्राण प्रतिष्ठा होसुर, तमिलनाडू, और सीरवी समाज भवन ओपनिंग सूरत में आपने शानदार सेवाएं प्रदान की। 2023 आने वाले महीनों में श्री आईमाता प्राण प्रतिष्ठा जीजीपाल मंदिर बिलाड़ा, श्री चामुंडा माताजी प्राण प्रतिष्ठा दौलपुरा, और आईमाता प्राण प्रतिष्ठा गुडालास ,फिक्स हो चुके है।आपका कहना है कि चाहे राजनीतिक मंच हो, सामाजिक मंच हो, या सांस्कृतिक मंच हो, ऐसे मंचों पर आकर एंकर के रूप में एंकरिंग करनी की क्षमता व मोटिवेट कर सकू, धार्मिक मंच पर भक्तों में भक्ति का जोश भर सकू, यही मेरा सपना है।समाज मे सांस्कृतिक विषयों में भी होनहार प्रतिभाओं के लिए भी आप बहुत कुछ करना चाहते हैं।बहुमुखी प्रतिभा प्रेम काग को चेत बंदे पत्रिका परिवार ,सीरवी समाज डॉट कॉम ,राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति व अखिल भारतीय सीरवी समाज की तरफ से बहुत बहुत हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## सूरजपुर के भैयाथान में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पर हुए जानलेवा हमले से आक्रोशित भाजपाइयों ने किया गोहरापदर में गृह मंत्री का पुतलादहन



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर द्वारा सूरजपुर ज़िले के भैयाथान में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अमनप्रताप सिंह पर रेत मफ़ियाओ द्वारा षड्यन्त्रपूर्वक प्राणघातक हमले के विरोध में नगर के बस स्टैंड में भाजयुमो के तत्वावधान में आक्रोशित भाजपाइयों ने प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतलादहन किया गया। भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने बताया की सूरजपुर ज़िले के भैयाथान भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह के ऊपर रेत मफ़ियाओ द्वारा षड्यंत्रपूर्वक जानलेवा हमला किया गया उन्हें गंभीर चोटें आई हैं,उनके दोनो पैर बूरी तरह ज़ख्मी हो गये.पिछले 6 महीनो के भीतर बस्तर में भाजपा के चार दिग्गज नेताओ को मौत की घाट उतार दिया गया और अब अमन सिंह पर भी यह प्राणघातक हमला किया हुआ हैं.भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर रोज़ हमलें हो रहे हैं,और कहीं ना कहीं इन्हें सरकार का संरक्षण प्राप्त हैं.प्रदेश सरकार की कुनीती एवं लापरवाही से प्रदेश में अराजकता का माहौल हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा की बीते चार वर्षो में प्रदेश में गुंडागर्दी का आलम है,प्रदेश की क़ानून व्यवस्था डगमगा गई हैं।सरकार को जनता की सुरक्षा से कोई सरोकार नहीं हैं।प्रदेश के गृहमंत्री इन दिनों सिर्फ़ लोकार्पण के कार्यक्रमों में दिखते है.सरकार के निक्कमेपन से असामाजिक तत्व हावी हो रहे है यह कहना बिल्कुल उचित होगा की जनता त्रस्त और सरकार अधिवेशन में व्यस्त.हम प्रदेश सरकार दोषियों पर जल्द से जल्द कार्यवाही की माँग करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप,मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,महामंत्री तानसिंह मांझी,मंडल प्रभारी लिलेश डोंगरे,प्रशिक्षण प्रमुख प्रभुलाल मांझी,पि.वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष लंबोदर साहू,युवा मोर्चा महामंत्री रूपसिंह मरकाम,उपाध्यक्ष खीरसिंह पुजारी,मंत्री गुनसागर यादव,सोशल मीडिया प्रभारी दीपक सागर,गुनसागर खरसैल,मधुराम यादव,तिलक नागेश,दीपक मिश्रा,हेमनाथ यादव, जयराम नागेश,दीपक साहू,कुंजनसिंह मांझी,सेवकराम पांडे,हेमराज यादव,केशरी दौरा मौजूद रहें।

## कल मोर आवास मोर अधिकार अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार के विरोध में विधान सभा स्तरीय घेराव में एसडीएम कार्यालय घेरने जुटेंगे भाजपा कार्यकर्ता

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गोहरापदर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आवाहन पर गरियाबंद ज़िले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में विधानसभा स्तरीय घेराव का कार्यक्रम कल गुरुवार को होगा जिसमें भाजपा कार्यकर्ता देवभोग के एसडीएम कार्यालय को घेरने जुटेंगे जिसकी जानकारी गोहरापदर मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने दी उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की जनता के लिए आबँटित मकानो में रोक लगाते हुए प्रदेश सरकार आवास निर्माण के राज्यांश को ना देकर गरीब जनता का हक़ मारने का काम कर रही हैं जिसके विरोध में भाजपा द्वारा कल देवभोग अनुविभागिय अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाना है.जिसमे प्रमुख रूप से क्षेत्रीय सांसद चुन्नीलाल साहू, क्षेत्रीय विधायक डमरुधर पुजारी, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी, जिलाध्यक्ष राजेश साहू उपस्थित होंगे एवं विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 6 मंडल गोहरापदर, देवभोग, झाखरपारा, मैनपुर, छुरा, गरियाबंद के कार्यकर्ता एवं आम लोग शामिल होंगे। गोहरापदर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने सभी कार्यकताओ एवं आम जनता से इस कार्यक्रम में पहुँचकर कर प्रदेश सरकार का मज़बूती से विरोध करने की अपील की।

## पूर्व विधायक स्वं भागवत भाउ नगपुरे के निधन पर शोक सभा का होगा आयोजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**



**लांजी।** लांजी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, कांग्रेस नेता, उन्नत किसान श्री भागवत भाऊ नागपुरे जी का दुखद निधन विगत 27 फरवरी को अल सुबह हो गया था, जिसको लेकर 2 मार्च को श्रृद्धांजलि सभा का आयोजित की गई है, इस संबंध में बहेला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ऋषि पटेल ने जानकारी मे बताया की कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक स्व श्री भागवत भाऊ नागपुरे जी की पूण्य आत्मा की शांति के लिये 2 मार्च को ग्राम कारंजा हलबीटोला के सामुदायिक भवन हलबीटोला में शाम 4 बजे से श्रृद्धांजलि शोक सभा आयोजित की गई है। ऋषि पटेल ने सभी जनों से उक्त सभा मे उपस्थिती की अपील करते हुये कहा की हम सबके प्रेरणादायक, लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक भागवत भाऊ नागपुरे का हम सबके बिच से चले जाना पुरे समाज के लिए, लांजी क्षेत्र के साथ साथ पुरे बालाघाट जिले के लिए अपूर्णीय क्षति हैं, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती, विधायक रहते उनके द्वारा क्षेत्र मे किये गए विकास कार्य के लिए, अपनी ईमानदारी, सरल स्वभाव व सादगी के लिए भाऊ सदैव याद किये जायेंगे, सभी जनों से मेरा निवेदन है कि भाऊ के आत्मा को शांति प्राप्त हो इस हेतु हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे, जिस हेतु सभी जन उक्त सभा में प्राथमिकता के साथ उपस्थिती होवे।

# कोतवाली पुलिस द्वारा अपराधियों और उनके अपराध पर अंकुश लगाने लगातार कि जा रही हैं कार्यवाही

## दो घटनाओं में पुलिस को मिली कामयाबी, चाकूबाजों से दो नग चाकू एवं दो व्यक्तियों से 5 किलो गाँजा जब्त किया

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा शहर में चाकू की घटनाओ



पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर कि सूचना पर शहर गस्त कर चैकिंग के दौरान रात्रि मे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चरहाई मे महेश पहलवाल की दुकान के सामने चार व्यक्ति बैठे है। कोतवाली पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गयी तब दो व्यक्ति भाग गये एवं दो व्यक्तियों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से दो चाकू बटनदार जप्त किये गए । उक्त आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली मे आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया । पूर्व में भी दोनो आरोपियों के विरूद्ध मार-पीट के अपराध पंजीबद्ध है । पकडे गए आरोपियों में सोमेश पिता सूरज बाल्मीकि निवासी जटाशंकर कालोनी दमोह एवं अभिषेक पिता प्रेमलाल बाल्मिकी निवासी जटाशंकर कालोनी दमोह बताया गया हैं आरोपियों के पास बटनदार चाकू जिनकी कीमत 500/- रूपये बताई गई।

तो वही दूसरी घटना में पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध गाँजा के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया था जिसमें अति पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय सिंह राजपूत द्वारा निर्देशों को गंभीरता से लिया गया। एवं मुखबिर कि सूचना पर कोतवाली पुलिस ने दो व्यक्ति जटाशंकर से शोभानगर आने वाले हैं अवैध मादक पदार्थ गाँजा लिये है जो कोतवाली पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर दो व्यक्तियों के कब्जे से कुल पांच किलोग्राम मादक पदार्थ गाँजा जप्त किया गया। उक्त आरोपियों के नाम पूछने पर बिट्टू उर्फ जितेन्द्र सेन पिता वीरेन्द्र निवासी असाटी वार्ड नं. 1 दमोह एवं उमाशंकर पिता संतराम प्रजापति निवासी शोभानगर दमोह का होना बताया गया । दोनो आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जायेगा। आरोपी उमाशंकर पिता संतराम प्रजापति के विरूद्ध थाना कोतवाली मे पूर्व से आबकारी एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल आठ प्रकरण पंजीबद्ध है। एवं आरोपी विट्टू उर्फ जितेन्द्र के विरूद्ध थाना कोतवाली में कुल दो अपराध पंजीबद्ध है। दोनों आरोपियो से पास से कुल पांच किलो गाँजा जिसकी कीमती पचास हजार रूपये बताई गई।दोनों घटनाओं में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय सिंह राजपूत, उनि आलोक तिरपुडे, सउनि अलजार सिंह, प्र आर वीरेन्द्र, आरक्षक आरक्षक योगेन्द्र,आरक्षक रूपनारायण आरक्षक रामकुमार, आरक्षक भूपेन्द्र दाँगी, गनपत,आयुष, मनोज पाण्डेय विजेन्द्र प्रआर, महेश





सैनिक, राकेश सायबर सेल टीम प्रआर, राकेश अठ्या, सौरभ टंडन सहित समस्त पुलिस स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 12वीं के बाद बैंक में करियर




अगर आप 12वीं पास हैं और बैंकिंग क्षेत्र में आना चाहते हैं तो आपके पास अच्छे अवसर हैं। बैंकिंग सेक्टर में हर साल हजारों उम्मीदवारों को नौकरी मिलती है। इस सेक्टर में सरकारी बैंको के साथ-साथ प्राइवेट बैंकों में भी नौकरी की अपार संभावनाएं हैं। बैंकिंग फील्ड में भर्ती के लिए सबसे बड़ी परीक्षा आईबीपीएस की ओर से आयोजित होती है। यह परीक्षा 19 राष्ट्रीयकृत बैंकों में क्लर्क और पीओ भर्ती के लिए होती है। आईबीपीएस 12वीं पास उम्मीदवारों के लिए क्लर्क कैडर परीक्षा का आयोजन कराता है।

### 12वीं के बाद बैंकिंग फील्ड के लिए अवसर

12वीं पास उम्मीदवारों के लिए बैंक में ज्यादातर नौकरियां क्लर्क कैडर की होती है. क्लर्क के अलावा असिस्टेंट लेवल और डेटा एंट्री की भी जॉब भी 12वीं पास उम्मीदवारों के लिए एक बड़ा विकल्प है। इन पदों पर नौकरी के लिए कंप्यूटर की जानकारी होनी आवश्यक है। बैंको में अकाउंट से संबंधित काम-काज होने के कारण एनालिटिकल स्किल्स अच्छे होने चाहिए। बैंक अपने वेबसाइट पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी करते हैं। वहीं से उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। अलग-अलग बैंकों में आवेदन फीस अलग होती है।

### 12वीं के बाद नौकरी देने वाले बैंक-

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एण्ड एसोसिएट्स, बैंक ऑफ इंडिया, साउथ इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सिटी यूनियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, विजया बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, आईडीबीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, और अन्य कई बैंक, परीक्षा में सफलता इस प्रकार मिलेगी। बैंकिंग सेक्टर में नौकरी पाने के लिए एनालिटिकल स्किल्स जल्द से जल्द कैल्कुलेशन करने की क्षमता और कंप्यूटर का ज्ञान बेहद जरूरी है। इन सभी चीजों की तैयारी करने के लिए उम्मीदवारों को विस्तृत तैयारी कर सकते हैं। बैंकिंग की तैयारी करते वक्त सबसे ज्यादा ध्यान टाइम मैनेजमेंट यानी आप किसी सवाल को कितने कम समय में हल कर सकते हैं।

# स्थानीय भाषाओं में भी अवसर



कामकाज में इंटरनेट के बढ़ते उपयोग से आज स्थानीय भाषाओं में करियर की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आजकल विदेशी बाजारों से संपर्क स्थापित करने और बाजारों में खुद को स्थापित करने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने कंटेट को स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध करा रही है। गूगल, एमेजॉन और नेटफ्लिक्स सहित सभी बड़ी-बड़ी कंपनियों का वैश्विक स्तर पर तेजी से विस्तार हो रहा है। ऐसे में रोजगार के लिहाज से युवाओं के लिए यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है।

- ऐसे में इन कंपनियों को भाषा विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती है। यही नहीं, वैश्वीकरण के इस दौर में आप किसी दूसरे देश की भाषा सीखकर भी अन्य देशों में जाकर नौकरी कर सकते हैं या भारतीय भाषाओं में पारंगत होकर विदेश जा सकते हैं हालांकि, अधिकतर कंपनियां यह काम किसी एजेंसी के माध्यम से करा रही है और एजेंसी इसके लिए अनुवादकों, प्रूफ रीडिंग करने वालों और रिव्यूयर की भर्ती करती है।
- इसी वजह से अंग्रेज़ी के साथ-साथ किसी देशी भाषाओं में पकड़ रखने वाले अनुवादकों की मांग में काफी तेजी आई है और इस क्षेत्र में नौकरी के कई बेहतर विकल्प मौजूद हैं। इस क्षेत्र में बेहतर नौकरी के साथ-साथ सैलरी पैकेज (वेतन) भी काफी अच्छा है। इस रचनात्मक क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए ट्रांसलेटर या रिव्यूयर बनना एक बेहतर करियर विकल्प साबित हो सकता है।
- जानकारों का कहना है कि इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए कम से कम दो भाषाओं (सोर्स लैंग्वेज ऐंड टारगेट लैंग्वेज) पर कमांड होना चाहिए। सोर्स लैंग्वेज वह होता है जिसका आपको ट्रांसलेशन करना होता है। वहीं, टारगेट लैंग्वेज का मतलब वह भाषा है जिसमें आप अनुवाद करते हैं।
- साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि अनुवादक को स्पीड, एक्यूरेसी और क्वालिटी के साथ-साथ टारगेट ऑडिएंस को ध्यान में रखकर अनुवाद करना होता है। उन्होंने कहा कि लोकलाइजेशन के लिए अंग्रेजी-हिंदी का ज्ञान ही नहीं, बल्कि देशी भाषाओं का ज्ञान भी अहम है। मराठी, बांग्ला, पंजाबी, मलयालम, तमिल जैसी कई भाषाओं का ज्ञान भी आपके करियर के लिए बेहतर हो सकता है।
- इसमें अनुवाद करते समय शब्दों के विकल्पों में से सटीक शब्दों का चयन करना होता है और यह तभी संभव है जब भाषा और विषय वस्तु पर अच्छी पकड़ हो। इसके लिए व्याकरण और शब्दावली का भी ध्यान रखना होता है। जिस कंपनी के लिए काम कर रहे हों उसके प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल या उसके बारे में रिसर्च करने से काफी मदद मिल सकती है।
- अनुवाद करना एक रचनात्मक प्रक्रिया है और इसमें पारंगत होने के लिए अभ्यास की जरूरत होती है। इसके तहत आप सिर्फ शब्द का नहीं, बल्कि भावानुवाद भी करते हैं और ऐसे में तब ज्यादा परेशानों का सामना करना पड़ता है, जब आपको दूसरी भाषा के मुहावरे और टोन का पता नहीं होता है।
- आप अगर इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो आपके पास फुल टाइम और पार्ट टाइम नौकरी करने का विकल्प भी होगा। जो इच्छुक लोग इस क्षेत्र में घर बैठे काम करना चाहते हैं उनके लिए फ्रीलांस अनुवाद एक बेहतर विकल्प है और इसमें आप दिन में कुछ घंटे निकालने के साथ अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

## उड्डयन उद्योग में भी हैं संभावनाएं



आजकल उड्डयन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में युवाओं के पास इस क्षेत्र में आने के अच्छे अवसर हैं। इस क्षेत्र में अच्छे वेतन के साथ ही कई नौकरियां ऐसी हैं जिनके लिए उच्च शिक्षा की जरुरत नहीं हैं। ऐसे में सामान्य शिक्षा वाले छात्र भी अपना कैरियर बना सकते हैं।

- यदि आपका व्यक्तित्व आकर्षक है, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़ है, आपकी न्यूनतम योग्यता किसी भी विषय से बाहरवीं है, आपकी ऊंचाई 157 से 170 सेंटीमीटर के बीच है और आपकी आयु 17 से 26 वर्ष के बीच है, तो उड्डयन क्षेत्र में आपके लिए अच्छे अवसर हैं। इस कोर्स की एक वर्ष की अवधि होती है।.
- **ग्राउंड स्टाफ:** आम तौर 6 माह से 1 वर्ष तक के डिप्लोमा इन एयरपोर्ट ग्राउंड सर्विस मैनेजमेंट कोर्स में एयरपोर्ट टर्मिनोलॉजी, चेक-इन प्रोसिजर, एयरपोर्ट सिक्योरिटी, कार्गो रूल्स, एयरपोर्ट सिग्नल्स सहित पर्सनेलिटी ग्रूमिंग को शामिल किया जाता है। न्यूनतम योग्यता में 18 से 26 वर्ष तक की आयु और न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में 12 वीं तक शिक्षा जरूरी है।.
- **एयर कार्गो मैनेजमेंट:** 6 माह से 9 माह तक के डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयर कार्गो मैनेजमेंट कोर्स में आप एविएशन हिस्ट्री एवं जियोग्राफी के अतिरिक्त कार्गो लॉ, कस्टम्स रूल्स, वेयरहाउसिंग, एयरक्राफ्ट लिमिटेशन व लोडिंग कैपेसिटी, क्लीयरेंस प्रोसिजर, क्लेम रूल्स, बीमा और फ्री ट्रेड जोन जैसे विषयों से रूबरू होते हैं। इस क्षेत्र में भी प्रवेश के लिए आपको न्यूनतम 12 वीं की शैक्षणिक योग्यता और 18 वर्ष से ऊपर की आयु चाहिए।.
- **एयर टिकटिंग:** इसमें प्रवेश के लिए न्यूनतम 12 वीं की शैक्षणिक योग्यता और 18 वर्ष से ऊपर की आयु होनी चाहिए। न्यूनतम 6 माह से 9 माह तक की अवधि वाले कोर्स डिप्लोमा इन एयर टिकटिंग एंड ट्रैवल मैनेजमेंट में ट्रैवल एजेंसी बिजेनस, वर्ल्ड टाइम जोन, एयरपोर्ट व एयरलाइन कोड्स, पेमेंट मोड्स,फॉरेन करेंसी, पासपोर्ट व वीजा, आदि की ट्रेनिंग दी जाती है।.
- **ट्रैवल एंड टूरिज्म:** इस क्षेत्र में प्रवेश करने पर भी आपको एविएशन में बहुत काम मिलेगा। 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर तीन वर्षीय बैचलर इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और उसमे बाद पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स भी उपलब्ध हैं, जिनको आप अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चुन सकते हैं।

# फैशन कम्युनिकेशन में तेजी से बढ़ रहे अवसर



तेजी से बदलते फैशन के इस दौर में फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएं हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट का काम अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है।

जब भी फैशन इंडस्टी की बात होती है तो लोग फैशन डिजाइनर या मॉडल बनने की ही चाहत रखते हैं। लेकिन यह एक ऐसी इंडस्टी है, जिसमें पिछले काफी सालों में बदलाव आया है और इसी कारण अब इस क्षेत्र में करियर की नई संभावनाओं ने जन्म दिया है। फैशन इंडस्टी में एक ऐसा ही करियर है फैशन कम्युनिकेशन है। यह तेजी से उभरता क्षेत्र है और अब युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ने लगा है।

**संभावनाएं :** फैशन कम्युनिकेशन का कोर्स करने के बाद आप फैशन डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, फैशन पत्रकार, प्रोफेसर, डिजाइन सहायक, फैशन सहायक, फैशन मार्केटिंग मैनेजर, फैशन एडिटर, फैशन फोटोग्राफर, कला निर्देश आदि भूमिकाएं अदा कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद कई इंडियन व इंटरनेशनल ब्रांड के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

**योग्यात:** इसके लिए डिप्लोमा या बैचलर डिग्री की जरुरत रहती है। इसके बाद आप फैशन कम्युनिकेशन में ही मास्टर और डॉक्टरेट भी कर सकते हैं।

**आमदनी-** इस क्षेत्र में आमदनी आपके काम पर निर्भर करती है और अनुभव के साथ आमदनी भी बढ़ती है। वैसे शुरूआती दौर में आप सालाना 2 से 3 लाख रूपए आसानी से कमा सकते हैं।

**क्या होता है काम:** एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है। अपने क्लाइंट व बिजनेस हाउस की तरफ से मीडिया के साथ कम्युनिकेट व डील करते हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट डिजाइन लेआउट, वेब पेज और मल्टीमीडिया डिजाइन डेवलप करता है।

**स्किल्स:** इस क्षेत्र में आपकी मार्केटिंग स्टेटजी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही आपमें कम्युनिकेशन व नेटवर्किंग स्किल्स भी बेहतरीन होने चाहिए, इसके बिना आपको अपने क्षेत्र में कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है। वहीं इस क्षेत्र में डेडलाइन पर काम करना होता है।

## फाइन आर्ट के क्षेत्र में भी हैं आसीम संभावनाएं

अगर आप कल्पना शील और क्रिएटिव होने के साथ साथ परिश्रमी भी हैं तो फाइन आर्ट यानि कला का क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन कैरियर विकल्प बन सकता है। तकनीक के इस दौर में भी कला का क्षेत्र तेज से विकसित हो रहा है। फाइन आर्ट एक बेहतरीन करियर फील्ड है। इसमें सफलता के लिए होना भी जरूरी है। अच्छी पेंटिंग्स लाखों-



करोड़ों में बिक रही हैं तथा कलाकारों को उसका पूरा फायदा भी मिल रहा है। इस तरह अच्छे कलाकार को पैसे तो मिलते ही हैं साथ ही लोकप्रियता भी मिलती है। आजकल कई आर्ट एग्जिबिशन एवं गैलरी खुल गयीं हैं जहां अपनी कला को पेश कर सकते हैं।

**कौन आ सकता है इस क्षेत्र में:** यह क्षेत्र ऐसा है जो परिश्रम एवं समय मांगता है। अचानक कोई अचानक ही अच्छा कलाकार नहीं बन सकता। इसमें यह देखा जाता है कि छात्र अपनी भावनाओं एवं कल्पनाओं को किस हद तक कैनवस एवं कागज पर उकेर पा रहा है। इसके लिए कल्पनाशील व अपनी सोच से कुछ नया गढ़ने का गुण होना आवश्यक है। इसमें महारथ हासिल करने के लिए क्रिएटिव माइंड होना चाहिए ताकि आप अपने आर्ट में वह रंग भर दें कि लोगों को वह आकर्षित कर सके।

**बारहवीं के बाद ले सकते हैं प्रवेश-** फाइन आर्ट से संबंधित कई तरह के पाठ्यक्रम मौजूद हैं। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं तय की गई है। कुछ संस्थान 10वीं के बाद ही कई तरह के डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स कराते हैं पर वह अधिक कारगर नहीं होते। बारहवीं के बाद जब छात्र के अंदर कला को समझने का कौशल विकसित हो जाता है तो उसे इस क्षेत्र में कदम रखना चाहिए। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट (बीएफए) में एडमिशन 12वीं के पश्चात मिलता है। यह चार वर्ष का पाठ्यक्रम होता है। बैचलर कोर्स में प्रवेश परीक्षा के बाद दाखिला मिलता है। कई संस्थान मेरिट के आधार पर दाखिला देते हैं। बीएफए के बाद मास्टर डिग्री के रूप में 2 वर्षीय मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) किया जाता है। यदि मास्टर कोर्स में 50 प्रतिशत अंक हैं तो पीएचडी का रास्ता भी खुल जाता है।

**काफी बड़ा है क्षेत्र-** फाइन आर्ट में आजकल काफी प्रयोग देखने को मिल रहे हैं जिसका सकारात्मक फायदा इस क्षेत्र में कदम रखने वाले लोगों को मिल रहा है। यही कारण है कि इसमें रोजगार की संभावना सदैव बनी रहती है। पाठ्यक्रम के पश्चात कई तरह के विकल्प जैसे पत्र-पत्रिकाओं व विज्ञापन एजेंसियों में विजुअलाइजर स्कूल-कॉलेज में आर्ट टीचर बोर्ड डायरेक्टर आदि सामने आते हैं।

## स्वरोजगार के लिए पापड़ बनाने का काम शुरु करें

अगर आप कम पैसे में अपना काम शुरु करना चाहते हैं तो इसके लिए पापड़ बनाने की इकाई स्थापित करें। इस कारोबार के लिए केन्द्र सरकार की मुद्रा योजना के तहत सस्ती ब्याज दरों पर ऋण मिलेगा। पापड़ बनाने का कारोबार में कम से कम छह लाख की जरुरत होती है जिसमें से दो लाख रुपये तक आपको लगाने होंगे बाकि की रकम




आपको सरकारी योजना के तहत मिलेगी। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम ने इसके लिए एक योजना बनायी है जिसमें कारोबार शुरु कर रहे लोगों को मुद्रा स्कीम के तहत अधिकतम चार लाख रुपये का ऋण सस्ती ब्याज दरों पर मिलेगा। सरकार की मुद्रा योजना के तहत आपको 4 लाख रुपये की रकम के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत किसी भी बैंक में आवेदन करना होगा। इसके लिए आपको एक फॉर्म भरना होगा, जिसमें कई प्रकार की जानकारियां मांगी जाएंगी। इसमें किसी तरह की प्रोसेसिंग फीस या गारंटी फीस भी नहीं देनी होती। ऋण की रकम आप पांच साल में सस्ती ब्याज दरों पर लौटा सकते हैं।

**उत्पादन इकाई के लिए छह लाख रुपये की जरुरत:** 6 लाख रुपये के कुल निवेश से करीब 30 हजार किलोग्राम की उत्पादन इकाई तैयार हो जाएगी। इस कारोबार को शुरू करने के लिए आपको 6 लाख रुपये तक की राशि चाहिये कुल खर्च में फिक्स्ड कैपिटल और वर्किंग कैपिटल का खर्च शामिल है। फिक्स्ड कैपिटल में दो मशीन, पैकेजिंग मशीन इक्विपमेंट जैसे तमाम खर्च शामिल हैं। वहीं वर्किंग कैपिटल में स्टाफ का वेतन , कच्चा माल और उपयोगिता उत्पाद का खर्च शामिल है! इसके अलावा इसमें किराया, बिजली, पानी, टेलीफोन का बिल जैसे खर्च भी शामिल हैं!

**इन मशीनों की रहेगी जरुरत:** पापड़ बनाने के बिजनेस को शुरू करने के लिए आपको स्विफ्टर, दो मिक्सर, प्लेटफॉर्म बैलेंस, इलेक्ट्रिकली ऑपरेटेड ओवन, मार्बल टेबल टॉप, चकला बेलन, एल्युमीनियम के बर्तन और रैक्स जैसी मशीनरी की जरूरत होगी। पापड़ बनाने के कारोबार के लिए तकरीबन 250 वर्ग फुट की जगह की जरूरत होगी। अगर आपके पास अपनी जमीन नहीं है तो आप किराये पर भी ले सकते हैं। मैनपावर में तीन अनस्किल्ड लेबर, दो स्किल्ड लेबर और एक सुपरवाइजर की जरूरत होगी। इन सब के वेतन पर करीब 25,000 रुपये खर्च होगा जो वर्किंग कैपिटल में जोड़ा गया है।

**बाजार में है भारी मांग-** पापड़ बनने के बाद इसे थोक में बेचना होगा। इसके लिए छोटे किराना स्टोर और सुपर मार्केट और बड़े रिटेलर से संपर्क बनाकर इसकी सेल बढ़ाई जा सकती है। एक अनुमान के अनुसार पापड़ के कारोबार में मुनाफा निवेश राशि का पांचवा हिस्सा होता है। यदि आप 5 लाख रु लगाएं तो हर महीने आपको 1 लाख रु कमाई हो सकती है।

# कलात्मकता है तो पेंटिंग को बना सकते हैं

अगर आप पेंटिंग का शौक रखते हैं और आप को रंगों से खेलना अच्छा लगता है तो आप एक पेंटिंग को अपना पेश बना सकते हैं। अगर आप में कलात्मकता है तो आप इस क्षेत्र में बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। आज एक पेंटर आर्ट गैलरीज से लेकर अखबर , मैगजीन, पोस्टर, फिल्म व टीवी इंडस्टी में काम कर सकता है। इसके अलावा अगर आप चाहें तो फ्रीलांस वर्क भी कर सकते हैं या फिर किसी फाइन आर्ट इंस्टीटयूट व कॉलेज में बच्चों को पढ़ा भी सकते हैं। अगर चाहें तो खुद का ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट भी खोल सकते हैं।

बचपन में हम सभी ने अपने हाथों में ब्रश उठाकर पेंटिंग की है। पेंटिंग करना यकीनन हर किसी के मन को सुकून देता है, लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते चले जाते हैं, वह शौक कहीं पीछे छूटने लगता है। काम की आपाधापी में ब्रश हाथों से कब दूर चला जाता है, पता ही नहीं चलता। लेकिन अगर आपको पेंटिंग करना बेहद पसंद है तो क्यों न अपने इसी शौक को आप अपना कॅरियर बना लें। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र के बारे में-



### क्या होता है काम

- एक पेंटर कई तरह के काम करता है। उसका काम घर से लेकर बाहर तक हो सकता है। वह सिर्फ छोटे स्केल पर कागज पर पेंटिंग नहीं करता और न की उसका काम सिर्फ कैनवास तक सीमित है, बल्कि वह घर को नया रुप देने के साथ ही किसी या अन्य बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी अपना कलात्मकता दिखा समा है।

### स्किल्स

- इस क्षेत्र में सफलता के लिए सबसे जरूरी है आपका कल्पनाशील होना। इसके अलावा आपको पेंट कलर्स, टोन्स, हाइलाइट व आर्ट के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। आपको कलर्स के शेड्स व उनकी मिक्सिंग की जानकारी भी होनी चाहिए। कई बार एक पेंटर को कई बड़े प्रोजेक्ट करने होते हैं, इसलिए उसे टीम के साथ भी काम करना होता है। साथ ही आपको कई घंटों तक काम करना पड़ सकता है, इसके लिए आप फिजिकली व मेंटली तैयार रहें। एक पेंटर सिर्फ पेंटिंग ही नहीं करता, बल्कि अपने काम को लोगों के सामने पेश भी करता है, इसलिए आपके कम्युनिकेशन व लैंग्वेज स्किल भी अच्छी होनी जरूरी है।
- एक पेंटर बनने के लिए अलग से किसी स्पेशल क्वालिफिकेशन की जरूरत नहीं होती। लेकिन पेंटिंग की बारीकियों को समझने और अपना हाथ साफ करने के लिए आप इस क्षेत्र में डिप्लोमा या डिग्री कोर्स जैसे बीए इन पेंटिंग, बीए पेंटिंग, स्कल्पचर, अप्लाइड आर्टस, बीएफए पेंटिंग, कोर्स आदि कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएशन के बाद इस क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया जा सकता है।

### संभावनाएं

- पेंटिंग एक बेहतरीन कॅरियर है और एक पेंटर आर्ट गैलरीज से लेकर न्यूजपेपर, मैगजीन, पोस्टर, फिल्म व टीवी इंडस्टी में आर्टवर्क की तलाश कर सकता है। इसके अलावा अगर आप चाहें तो फ्रीलांस वर्क भी कर सकते हैं या फिर किसी फाइन आर्ट इंस्टीटयूट व कॉलेज में बच्चों को पढ़ा भी सकते हैं। अगर चाहें तो खुद का कोचिंग इंस्टीट्यूट खोलें।

### आमदनी

- इस क्षेत्र में आमदनी इस बात पर निर्भर करती है कि आपका काम लोगों को कितना पसंद आता है, लेकिन फिर भी शुरूआती दौर में आप बीस से पच्चीस हजार आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ सालों के अनुभव व आपके काम की लोकप्रियता के आधार पर आपकी आमदनी कई गुना बढ़ भी सकती है।

न्यूज़ ट्रैक....

## मेसी फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित



पेरिस । अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के कप्तान लियोनल मेसी को यहां फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मेसी की कप्तानी में ही अर्जेंटीना ने गत वर्ष फीफा विश्वकप जीता था। मेसी ने फ्रांस के खिलाफ खेले गए विश्वकप के फाइनल मुकाबले में दो गोल दागे थे। तब फाइनल मुकाबला 3-3 ड्रॉ होने के बाद पेनल्टीज में गया था। जिसको अर्जेंटीना ने जीतकर 36 साल के बाद विश्वकप अपने नाम किया था। मेसी के अलावा अर्जेंटीना को विश्वकप जिताने वाले कोच लियोनल स्केलोनी को फीफा का कोच ऑफ द ईयर 2022 अवार्ड दिया गया। इसके अलावा गोलकीपर एसी मार्टीनेज को भी फीफा का गोलकीपर ऑफ द ईयर के अवॉर्ड दिया गया। आपको मेसी ने हाल ही में ओलिम्पिक डी मार्सिले के खिलाफ लीग 1 में पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) के लिए खेलते हुए अपनी क्लब करियर के 700 गोल भी पूरे किए थे। इसमें पीएसजी के स्टार खिलाड़ी काइलियन एम्बाप्पे ने भी उनका साथ दिया था। मेसी ने 682 गोल अपने पूर्व क्लब बार्सिलोना की ओर से खेलते हुए किये थे। वहीं पीएसजी में आने के बाद उन्होंने 28 गोल किये हैं।

## क्रिकेट को पसंद नहीं करती थी दीपिका पल्लीकल

नई दिल्ली । देश की शीर्ष महिला स्क्वैश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल पहले क्रिकेट को पसंद नहीं करती थी पर आज वह क्रिकेटर दिनेश कार्तिक की पत्नी हैं। दीपिका पेशेवर स्क्वैश असोसिएशन महिला रैंकिंग के शीर्ष-10 में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी थीं। दीपिका की मां सुसान इत्तिचेरिया भी पूर्व क्रिकेटर रही हैं और उन्होंने भारत के लिए मैच भी खेले हैं। इसके बाद भी दीपिका को क्रिकेट पसंद नहीं था। दीपिका ने कहा कि मैं बहुत मेहनत करती, जीत दर्ज करती, पर इसके बाद भी उन्हें वह लोकप्रियता नहीं मिली जो क्रिकेटरों को मिलती थी। अखबारों में भी क्रिकेटरों की तस्वीरें आती थी। इसी कारण उन्हें क्रिकेट से नफरत सी हो गयी। कार्तिक और दीपिका की पहली मुलाकात 2012 में हुई। दीपिका ने एक साक्षात्कार में बताया कि उनकी और दिनेश की मां एक दूसरे को जानती थीं। दिनेश ने कई बार मुझे मैसज कर डिनर के लिए पूछा, लेकिन मैंने हमेशा टाल दिया। एक रोज मैं जिम में थी, वहां दिनेश भी आ गए। हम लोगों की कुछ देर बातचीत हुई। इसके बाद एक बार इंग्लैंड में भी मैं खेलने पहुंची थी तब दिनेश भी वहां पहुंच गए। वह सिर्फ मुझसे मिलने ही आए थे। दिनेश ने तब मुझे खुश करने के लिए मेरे साथ स्क्वैश भी खेला। उसके बाद मुझे पता चला कि दिनेश क्रिकेट के अलावा स्क्वैश के भी अच्छे खिलाड़ी हैं। दीपिका के मुताबिक, उस दिन मुझे लगा कि ये अच्छा और ध्यान रखने वाला इंसान है। इसके बाद कई बार हुई मुलाकातों के बाद हमने शादी का फैसला किया। वहीं कार्तिक जब दीपिका से मिले तो वह अपनी पहली शादी टूटने के कारण बेहद दुखी थे।

# शांतिपूर्वक संपन्न हुआ 10 बोर्ड परीक्षा का पहला प्रश्नपत्रः डीईओ अश्विनी कुमार उपाध्याय

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**
माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल मध्यप्रदेश के द्वारा 10वीं की परीक्षा 1 मार्च से एवं 12वीं की परिक्षा 2 मार्च आयोजित की जा रही है। जिसके तहत 1 मार्च को दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने सुबह 9 बजे से 12 बजे तक हिन्दी विषय का पहला पर्चा हल किया। बतादे कि बालाघाट जिले में कुल 132 परिक्षा केंद्र बनाए गए हैं,

## उड़नदस्ते ने किया सभी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



वहीं लांजी विकासखण्ड में 14 स्कूलों को परिक्षा केंद्र बनाये गयें है, इन 14 परिक्षा केंद्र मे कुल 2803 परीक्षार्थी है। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी 298 परीक्षार्थी, शासकीय कन्या उमावि लांजी में 300, शासकीय उमावि मनेरी में 181, शासकीय उमावि कारंजा में 211, शसकीय उमावि कुम्हारीकला में 140, शासकीय उमावि मोहझरी में 135, शासकीय उमावि टेमनी में 333, शासकीय उमावि भानेगांव में 254, शासकीय उमावि बहेला में 264, शासकीय उमावि पाथरगावं 108, शासकीय हाईस्कूल घोटी लांजी में 231, शासकीय उमावि साडरा में 141, शासकीय हाईस्कूल बेलगांव में 74, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 133 कुल 2803 दर्ज परिक्षार्थियों में 86 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे एवं 2717 परीक्षार्थीयों ने प्रथम दिवस 1 मार्च को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक हिन्दी का पर्चा हल किया।

**एसडीएम एवं तहसीलदार ने किया परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण**-लांजी विकासखण्ड में बनाये गये 14 परीक्षा केन्द्रो में दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने हिन्दी का पर्चा हल किया। वहीं केन्द्राध्यक्षों के द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के द्वारा निर्देशित सभी नियमों के अनुसार परीक्षार्थी से परीक्षा ली गई, दुसरी ओर लांजी विकासखण्ड के सभी केन्द्रों का बारी बारी से लांजी एसडीएम ज्योति ठाकुर के द्वारा शासकीय उमावि पाथरगांव, कुम्हारीकला, तहसीलदार सतीश चौधरी ने शासकीय उमावि घोटी लांजी, नायब तहसीलदार दिग्विजय परस्ते ने शासकीय उमावि कारंजा एवं साडरा का औचक निरीक्षण किया जाकर आवश्यक जानकारी लेकर, केन्द्राध्यक्षों को दिशा निर्देश दिये गये। वहीं उड़नदस्ते दल के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि सभी परिक्षा केंद्र में शांति पुर्वक परिक्षा संपन्न हुई है तथा किसी भी केंद्र में किसी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

**आज 12वीं कक्षा के छात्र छात्राऐं करेंगे हिन्दी का पर्चा हल**-लांजी विकासखण्ड के सभी 14 परीक्षा केन्द्रों में 12वीं कक्षा के कुल दर्ज 2461 छात्र छात्राऐं आज 2 मार्च को प्रातः 9 बजे 12 बजे तक हिन्दी का पर्चा हल करेंगे। 12 वीं कक्षा के परीक्षार्थीयों के लिये बनाये गये केन्द्रो मे सभी तैयारियॉं पूर्ण कर ली गई है।


# सेवानिवृत्ति पर राजेंद्र झा एवं रामदास केन का विदाई एवं सम्मान समारोह संपन्न

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे ग्वालियर।** लाइट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिक उपसंभाग, जल संसाधन विभाग, ग्वालियर से सेवानिवृत्त हुए राजेंद्र झा एवं रामदास केन का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप कुमार स्वर्णकार सहित तिघरा बांध सेक्शन प्रभारी रामचरण चिरहार और उपयंत्री पंकज चौहान ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके साथ ही उपस्थित कर्मचारियों एवं मित्र गणों ने भी इनका भावभीना स्वागत किया। रामदास केन एवं राजेंद्र झा को उनके सेवाकाल में सरल एवं कर्तव्यनिष्ठ रहकर अपनी सेवाएं देने के लिए अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप कुमार स्वर्णकार, तिघरा व कर्मशाला /भंडार सेक्शन प्रभारी राम चरण चिरहार एवं पंकज चौहान उपयंत्री ने अपने उद्बोधन में सराहना की। इस अवसर पर रामदास केन व राजेंद्र झा का शॉल, श्रीफल, पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह आदि से सम्मान की श्रीफल एवं पुष्पहार सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर दोनों कर्मचारियों के परिजन मित्रगण सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी बलवीर सिंह, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी लाइट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिक उपसंभाग ग्वालियर के कर्मचारी गण अरुण भदोरिया ,बीके बाथम, अजय कटारिया, प्रदीप मसूरकर, बृजेश बैस कर्मचारी गण सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।





# तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं स्टार्क



इंदौर । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ बुधवार से शुरु हो रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्टार्क हालांकि अभी तक अपनी चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाये हैं। तेज गेंदबाज पैट कमिंस के इस मैच में नहीं होने से स्टार्क को टीम में जगह मिलना तय माना जा रहा है। ऐसे में टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेंगी। स्टार्क ने अभ्यास सत्र से पहले कहा, 'मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। कुछ समय तक थोड़ा असहज रहेगा। उन्होंने कहा, 'गेंद हाथ से अच्छी तरह से निकल रही है और मैं पूरी ताकत लगाकर गेंदबाजी कर रहा हूं। यह पहला टेस्ट नहीं है जो मैं थोड़ा असहज होने के बाद भी खेलूंगा। अगर मैं पूरी तरह से फिट होने पर ही खेलता तो अब तक मैं पांच से 10 टेस्ट ही खेल पाता।

भारतीय तेज गेंदबाजों की तरह स्टार्क भी अपनी टीम की ओर से अहम योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने नेट पर कैमरन ग्रीन को एक घंटा गेंदबाजी की। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'हां, यह ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के लिए कठिन रहा है। हमने देखा है कि स्पिनरों की भूमिका अहम रही है पर भारतीय तेज गेंदबाजों ने इसके बाद भी नई गेंद से बेहतरीन भूमिका निभाई है। और अगर गेंद रिवर्स करती है तो वे स्टंप्स को निशाना बनाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि एक बार फिर स्पिन की भूमिका बड़ी होगी पर 20 विकेट हासिल करने के लिए मुझे स्पिनरों के साथ अहम भूमिका निभानी होगी। तीसरे टेस्ट में स्टार्क और ग्रीन तेज गेंदबाजी के लिए ऑस्ट्रेलिया के विकल्प होंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 75 टेस्ट खेलने वाले तैंतीस साल के स्टार्क ने उम्मीद जताई कि उन्हें उपमहाद्वीप के हालात में खेलने का फायदा मिलेगा। वह अपने शरीर को लेकर भी अच्छा महसूस कर रहे हैं।

## कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने की महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**



कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने 28 फरवरी को महिला एंव बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों की बैठक लेकर लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री वंदना धूमकेती भरी मौजूद थी। बैठक में बताया गया कि विकास यात्रा के दौरान 896 लाड़ली लक्ष्मी की बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना अंतगर्त 190 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। बैठक में प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना में तृतीय किश्त और स्वीकृति के लिए लंबित प्रकरणों की संख्या कम करने के निर्देश दिए गए। जिले में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों का कार्य पूर्ण नहीं होने पर कलेक्टर द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी।

## 03 मार्च को जिला चिकित्सालय में कैंसर जांच शिविर का होगा आयोजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**
शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट में 03 मार्च को कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस जांच शिविर में नागपुर के प्रख्यात मेडिकल आन्कोलाजिस्ट डा. सत्यम सत्यार्थ एवं कैंसर सर्जन डा रमाकांत तायड़े विशेषज्ञों द्वारा केंसर से पीड़ित मरीजों एव संभावित मरीजों की निःशुल्क जांच, उपचार एवं आवश्यक सलाह दी जायेगी। इस शिविर में केंसर से पीड़ित एवं संभावित मरीज अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कैंप का लाभ उठा सकते हैं एवं पूर्व से इलाज ले रहे मरीज भी अपनी समस्त रिर्पोट लेकर शिविर में उपस्थित हो सकते हैं ।

## प्राथमिक शिक्षक अभ्यर्थी 1 से 6 मार्च तक कर सकेंगे शाला विकल्प का चयन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**
आयुक्त लोक शिक्षण श्री अभय वर्मा ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक पद हेतु जारी विज्ञापन 19 अक्टूबर 2022 के अनुक्रम में शाला विकल्प चयन हेतु अभ्यर्थियों की सूची जारी की जा रही है। चयनित अभ्यर्थी 1 से 6 मार्च तक शाला विकल्प का चयन कर सकते हैं। अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 विकल्प का चयन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी अधिक से अधिक शालाओं का चयन कर सकेंगे। श्री वर्मा ने बताया कि समयावधि में शाला का विकल्प चयन न करने अथवा संबंधित अभ्यर्थी को चयनित शालाएँ आवंटित न हो पाने की स्थिति में विभाग की प्राथमिकता के आधार पर आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध रिक्तियों में से शाला का आवंटन किया जाएगा।

## नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा की अब अंतिम तिथि 4 मार्च

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी परीक्षा कार्यक्रमानुसार नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षायें 13 फरवरी से 26 फरवरी एवं स्वाध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षायें 01 मार्च से 30 मार्च, 2023 तक निर्धारित की गई थी। नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षायें सम्पन्न कराने हेतु 26 फरवरी, 2023 के स्थान पर दिनांक 04 मार्च, 2023 एवं अंकों की प्रविष्टि हेतु 07 मार्च, 2023 तक की वृद्धि की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात तिथि में वृद्धि नहीं की जावेगी और न ही ऑफ लाईन प्राप्तांक स्वीकार किए जावेंगे।

# एक मार्च से कई नए नियमों में हो जाएगा बदलाव

**नई दिल्ली ।** 1 मार्च 2023 बुधवार से कई नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर आम लोगों की जेब होगा और इससे आपका मासिक बजट प्रभावित हो सकता है। मार्च के महीने में कई अहम बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिनमें सोशल मीडिया, बैंक लोन, एलपीजी सिलेंडर, बैंक हॉलिडे आदि शामिल हैं। वहीं ट्रेन के टाइम टेबल में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। अगले महीने में 5 ऐसे बड़े बदलाव होने जा रहे हैं जिस पर अधिकांश लोगों का नजर रखना जरूरी है। इन बदलावों का असर आपकी जेब पर भी पड़ेगा। नए नियमों से कभी आपको फायदा होता है तो कभी आपकी जेब से ज्यादा पैसे निकल जाते हैं।

1. महंगा हो सकता है बैंक लोनः भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में रेपो रेट में बढ़ोतरी की है। इसके बाद कई बैंकों ने एमसीएलआर रेट में बढ़ोतरी की है। इसका सीधा असर लोन और ईएमआई पर पड़ेगा। कर्ज की ब्याज दरें बढ़ सकती हैं।

2. बढ़ सकते हैं एलपीजी और सीएनजी के दामः एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी गैस के दाम हर महीने की शुरुआत में तय होते हैं। हालांकि पिछली बार रसोई गैस सिलेंडर के दाम नहीं बढ़े थे, लेकिन इस बार त्योहार के चलते उम्मीद की जा रही है कि कीमत में इजाफा हो सकता है।

3. ट्रेनों की समय सारिणी में बदलावः भारतीय रेलवे इस बार ट्रेन के टाइम टेबल में कुछ बदलाव कर सकता है। इसकी लिस्ट मार्च में जारी हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक मार्च से हजारों पैसेंजर ट्रेनों और 5 हजार मालगाड़ियों के टाइमटेबल में बदलाव किया जा सकता है।

4. मार्च में 12 दिन बैंक बंद रहेंगेः मार्च में होली और नवरात्रि समेत 12 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसमें साप्ताहिक बैंक अवकाश भी शामिल है। मार्च 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक के कैलेंडर के मुताबिक निजी और सरकारी बैंक 12 दिन बंद रहेंगे।

5. सोशल मीडिया से जुड़े नियमों में बदलाव संभवः हाल ही में भारत सरकार ने आईटी नियमों में बदलाव किया है। ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अब भारत के नए नियमों का पालन करना होगा। नया नियम धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर लागू होगा। यह नया नियम मार्च में लागू किया जा सकता है। गलत पोस्ट करने पर यूजर्स को जुर्माना भी भरना पड़ सकता है।

# एलन मस्क एक बार फिर बने दुनिया के सबसे अमीर इंसान

**बर्नार्ड अर्नाल्ट खिसककर 185 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अब दूसरे नंबर पर**

मुंबई । दुनिया के अरबपतियों की सूची में बड़ा फेरबदल हुआ है। टेस्ला सीईओ एलन मस्क एक बार फिर से दुनिया के सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। मस्क की संपत्ति में बीते 24 घंटों में आए उछाल के साथ कुल नेटवर्थ बढ़कर 187 अरब डॉलर हो गई। अभी तक नंबर एक की कुर्सी पर बैठे फ्रांस के अरबपति बर्नार्ड अर्नाल्ट खिसककर 185 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क की संपत्ति में 24 घंटे के भीतर 6.98 अरब डॉलर का उछाल आया। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर से नंबर एक पायदान पर अपना कब्जा जमा लिया। दुनिया के प्रमुख 10 अमीरों में शामिल अन्य रईसों की बात करें तो ब्लूमबर्ग के मुताबिक, अमेजन के जेफ बेजोस 117 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के तीसरे अमीर इंसान बने हुए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स 114 अरब डॉलर के साथ चौथे, जबकि वॉरेन बफे 106 अरब डॉलर के साथ पांचवे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। 102 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ लिस्ट में छठे पायदान पर लैरी एलिसन काबिज हैं, तो वहीं स्टीव बाल्मर नौंवे पायदान से उछलकर अब सातवें नंबर पर आ गए हैं। उनकी कुल संपत्ति 89.4 अरब डॉलर है।अरबपतियों की लिस्ट में भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी लगातार टॉप-10 में अपनी मौजूदगी दर्ज कराए हुए हैं। 81.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ रिलायंस चेयरमैन दुनिया के 10वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनकी संपत्ति में बीते 24 घंटे में 646 मिलियन डॉलर की गिरावट आई है। लैरी पेज 84.7 अरब डॉलर के साथ आठवें नंबर पर, तो कार्लोस स्लिम हेलु 83.2 अरब डॉलर की संपत्ति लेकर नौंवे पायदान पर काबिज हैं। गौतम अडानी 37.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 32वें नंबर पर हैं।

## मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

# सेंसेक्स 59,347 और निफ्टी 17,380 पर खुला



मुंबई । वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से मंगलवार के कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार ने पिछले कारोबारी सत्र में आई गिरावट से उबरते हुए बढ़त बनाई और सेंसेक्स एक बार फिर 60 हजार की ओर बढ़ता दिख रहा है। निवेशकों ने शुरुआत से ही खरीदारी पर जोर दिया और लगातार निवेश करते रहे। पिछले सत्र में बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजार में भी आज दबाव दिख रहा है, लेकिन घरेलू निवेशकों का सेंटिमेंट पॉजिटिव बना हुआ है। सेंसेक्स 59 अंकों की तेजी के साथ 59,347 पर खुला और कारोबार शुरू किया, जबकि निफ्टी 10 अंक गिरकर 17,383 पर खुला। अभी तक दबाव में दिख रहे निवेशक आज खुलकर पैसे लगा रहे और लगातार निवेश के बाद सेंसेक्स 138 अंक चढ़कर 59,426 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 38 अंक चढ़कर 17,430 पर कारोबार करने लगा।

निवेशकों ने आज शुरुआत से ही कई शेयरों पर दांव लगाया और जमकर निवेश किया। सबसे ज्यादा उछाल आज अडानी इंटरप्राइजेस में दिख रहा और यह स्टॉक टॉप गेनर की सूची में आ गया है। इस स्टॉक में 2.44 फीसदी का उछाल दिख रहा है। गिरावट के मोर्चे पर देखें तो हिंडाल्को आज टॉप लूजर बन गई है और इसमें 1.24 फीसदी का नुकसान दिख रहा है। गर सेक्टरवार देखें तो निफ्टी ऑटो और मीडिया में सबसे ज्यादा उछाल दिख रहा है। मीडिया में जहां 0.8 फीसदी का उछाल है, वहीं ऑटो इंडेक्स में एक फीसदी की तेजी है।

## बोर्ड परीक्षाओं को लेकर मुस्तैद मेहगांव पुलिस

### नकल माफियाओ पर कसेंगे नकेल

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**



श्रीमान कलेक्टर महोदय व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में आज दिनाक से जिले में बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन प्रारंभ हुआ है, प्रथम दिवस में आज निर्वहन और निर्विवाद बोर्ड परीक्षाओं के संचालन हेतु पुलिस और प्रशासन कदम से कदम मिला कर मुस्तैद है मेहगांव एसडीओपी आर के एस राठौड़ के निर्देशन में थाना प्रभारी मेहगांव निरी. रविंद्र शर्मा द्वारा अपने बल के साथ तीनो सेंटरों पर बल तैनात कर लगातार भ्रमण कर व्यवस्थो को संभाले हुए है ।

## कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**



1 मार्च 2023 को माह का प्रथम कार्यदिवस होने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट में राष्ट्गीत वंदे मातरम का गायन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, डिप्टी कलेक्टर बिरेन्द्र रावत, राहुल नायक, जिला आबकारी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार उरांव एवं कलेक्ट्रेट के सभी शासकीय सेवक इसमें शामिल हुए।

# ऊर्जा की माँग की पूर्ति के लिये नए ऊर्जा स्त्रोत अपनाने की जरूरत : डण्डोतिया

**ग्वालियर।** ऊर्जा के परंपरागत संसाधन सीमित हैं और ऊर्जा की माँग दिनों दिन बड़ रही है। ऐसे में उर्जा बचत के साथ-साथ हमें सौर ऊर्जा जैसे नए ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने की जरूरत है। इससे प्रदूषण पर भी अंकुश लगेगा। इस आशय के विचार मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष गिर्राज डण्डोतिया ने ऊर्जा संरक्षण पर आयोजित हुई कार्यशाला में व्यक्त किए। उन्होंने कहा राज्य सरकार व्यापक पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने के लिये प्रयासरत है। मध्यप्रदेश प्रौद्योगिकी संगत नवीकरणीय ऊर्जा नीति शुरू करने वाला देश का पहला राज्य है।

बुधवार को यहाँ एक स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला को संबोधित करते हुए ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष डण्डोतिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावना है। उन्होंने कहा कि चंबल क्षेत्र में सौर ऊर्जा संयंत्र के निर्माण सहित नवीकरणीय



स्त्रोतों से मध्यप्रदेश ने 2030 तक पड़ोसी राज्यों को 20 हजार मेगावाट बिजली की आपूर्ति करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में सौर ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों से 5500 मेगावाट ग्रीन ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। डण्डोतिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में एक समृद्ध प्राकृतिक संसाधन का आधार मौजूद है। राज्य का भौगोलिक परिवेश और जलवायु परिस्थितियाँ पवन व सौर ऊर्जा के विकास के लिये बिल्कुल अनुकूल हैं। उन्होंने कहा नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार राज्य में 800 मेगावाट लघु पन बिजली, 11 गीगावॉट पवन, 61 गीगावॉट सौर ऊर्जा और 11 गीगावॉट बायोमास ऊर्जा की क्षमता है। मध्यप्रदेश में सूर्य की धूप पर्याप्त मात्रा में आती है और इसकी सौर क्षमता 6.2 वर्गमीटर प्रतिदिन तक है। इस प्रकार मध्यप्रदेश में लगभग 3000 मेगावाट सकल पवन क्षमता मौजूद है। कार्यशाला में ऊर्जा संरक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा उद्यमियों एवं अन्य प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी एस के बादल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रतिभागी मौजूद थे।




# गैस सिलेंडर में मूल्यवृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने पुतला फूंका

**ग्वालियर।** घरेलू गैस सिलेंडर पर मूल्यवृद्धि किए जाने के खिलाफ फूलबाग चौराहा पर भाजपा सरकार का कांग्रेस ने पुतला दहन किया। पुतला दहन का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, महिला कांग्रेस की अध्यक्षा श्रीमती मीनू परिहार, कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मीनू परिहार ने पुतला दहन में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि 9 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने हर वर्ष गैस सिलेंडर पर दाम बड़ाए। कांग्रेस शासन काल में 465 का सिलेंडर जनता को उपलब्ध होता था, आज मोदी सरकार के राज में गैस सिलेंडर 1100 के पार हो गया है, अच्छे दिन की आड़ में महंगाई की मार से देश में हाहाकार मचा है। गैस सिलेंडर के दाम बड़ने से आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अब सत्ता से बाहर करने का वक्त आ गया है। डॉ देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की अति हो गई है, लगातार आमजनता पर महंगाई की मार बड़ती जा रही है, अब कांग्रेस चुप नही बैठेगी, रविवार 5 मार्च को रसोई गैस की बड़ती कीमतों को लेकर फूलबाग पर व्यापक धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

पुतला दहन में संभागीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा, वीना भारद्वाज, सीमा समाधिया, गीता गुप्ता, लक्ष्मी माथुर, संजना राजावत, कीर्ती पाठक, पिंकी सोनी, डॉली शर्मा, गुंजन माथुर, श्रृति, भूमि, नेहा सिंगाचिया, शालू, मंजू यादव, ऋतु शर्मा, रेनू चैहान, रानू शर्मा, नीतू चौहान, पूनम शुक्ला, भगवती राजपूत, उषा कुकरेजा, सुषमा पांडे, राजकुमारी मंडेलिया, नीतू भदौरिया, मनीष शर्मा, मिथलेश चौहान, नसरीन खान, कुलदीप कौरव, विनोदी जैन, गिर्राज शर्मा, राहुल भदौरिया, शिवराज गुर्जर, महेन्द्र, सोहिल खान, संजीव दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## मेले में 22 हजार 747 वाहनों की हुई बिक्री राज्य शासन ने दी 71.48 करोड़ की छूट




**ग्वालियर ।** इस साल के श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में कुल 22 हजार 747 वाहनों की बिक्री हुई है। इनमें 11 हजार 948 दुपहिया और 10 हजार 799 चार पहिया व हलके परिवहन वाहन शामिल हैं। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा इन सभी वाहनों का सत्यापन कर वाहन 4 पोर्टल पर दर्ज किए गए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एच के सिंह ने बताया कि मेले में बिके वाहनों पर विभाग द्वारा 71 करोड़ 48 हजार रूपए की मोटरयान पर छूट प्रदान की गई। वाहनों के पंजीयन से विभाग को कुल 76 करोड़ 22 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसमें 71 करोड़ रूपए मोटर यान कर व 4 करोड़ 74 लाख रूपए पंजीयन शुल्क के शामिल हैं। ज्ञात हो मेले से वाहन खरीदने वाले लोगों को राज्य शासन के परिवहन विभाग द्वारा 50 प्रतिशत शुल्क मोटरयान कर की छूट दी गई है।

## सूर्योदय से पहले और देर रात नियमित रूप से हो शहर की साफ-सफाईः संभाग आयुक्त

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में सुबह के समय सूर्योदय के पहले और देर रात नियमित रूप से साफ-सफाई की जाए। शहर के व्यस्ततम बाजारों में अतिरिक्त सफाईकर्मी लगाए जाएँ। सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो और इसके परिणाम धरातल पर दिखने चाहिए। इस आशय के निर्देश संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय बैठक में मौजूद नगर निगम के अपर आयुक्त को दिए। सिंह ने कहा कि वे स्वयं देर रात शहर के बाजारों में पहुँचकर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। बुधवार को संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई बैठक में संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने सीएम हैल्पलाइन एवं समय-सीमा (टीएल) में शामिल शिकायतों की समीक्षा के दौरान जेएएच व मेडीकल कॉलेज से संबंधित शिकायतों के निराकरण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। साथ ही भिण्ड, ग्वालियर व मुरैना जिले में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सीएम हैल्पलाइन की शिकायतें अधिक संख्या में लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिन विभागों में तीन महीने से ज्यादा लंबित शिकायतों की संख्या अधिक है, उन विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त सिंह ने अवैध कॉलोनियाँ विकसित करने की प्रवृत्ति पर सख्ती से अंकुश लगाने पर बल दिया। साथ ही कहा कि पुरानी अवैध कॉलोनियों को शासन के निर्देशों के तहत वैध करने की कार्रवाई भी प्रमुखता से करें। उन्होंने कहा कि आगामी 15 मार्च को संभाग के सभी जिलों में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की समीक्षा करेंगे। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास ग्वालियर सीएस डोडियार व चंबल राजेन्द्र सिंह, उपायुक्त राजस्व प्रदीप कुमार शर्मा, उप आयुक्त विकास शिव प्रसाद एवं अपर आयुक्त नगर निगम मुकुल गुप्ता सहित संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शनी का फागोत्सव व न्यू मेंबर इंट्रोडक्शन कार्यक्रम आयोजित




**ग्वालियर।** जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शनी द्वारा होटल रीजेंसी स्क्वायर में फागोत्सव व न्यू मेंबर इंट्रोडक्शन का कार्यक्रम रखा गया। इस रंगारंग कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्द गायनाकोलॉजिस्ट डॉ मोनिका जैन रही। संस्था के सभी पूर्व अध्यक्षों द्वारा सभी नए सदस्यों को पुरस्कृत किया गया एवं सभी ने बढ़-चढ़कर होली का उत्सव मनाया।

कार्यक्रम में डॉ मोनिका जैन ने संस्था की महिलाओं को फिजिकल वह मेंटल अवेयरनेस के बारे में जानकारी दी। नेहा जैन ने कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की संयोजिका जेसी अरुणिमा गोयल ने सभी विजेताओं की घोषणा की। जिसकी टोपी उसके सर गेम के विजेता जेसी दिव्या गोयल व जेसी पूजा जैन रही। एक मिनट गेम की विजेता जेसी स्वाति गर्ग रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष जेसी सुगंधा जैन ने की। मानसेवी सचिव जेसी मोनिका द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संस्था की पूर्व अध्यक्ष जेसी दीप्ति गुप्ता, जेसी ममता अग्रवाल, जेसी नीलिमा अग्रवाल, जेसी मनीषा गगरानी, जेसी रुपाली माँगलिक, जेसी प्रीती बंसल, जेसी पल्लवी अग्रवाल, जेसी रूचि अग्रवाल एवं सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

### यह आत्मनिर्भर और गौरवशाली मध्यप्रदेश का बजटः अभिलाष पांडेय



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री ने आज विधानसभा में ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट आत्मनिर्भरमध्य प्रदेश, समृद्ध शाली गौरवशाली मध्यप्रदेश का है। यह विचार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा मप्र डॉ अभिलाष पांडेय ने व्यक्त किये। डॉ अभिलाष पांडेय ने कहा कि बजट मे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वरोजगार एवं रोजगार के साथ साथ मां नर्मदा के कोरीडोर (नर्मदा प्रगति पथ 900 करोड़), स्किल पार्क जबलपुर का विशेष प्रावधान किए गए हैं। बजट युवा, किसान, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी वर्ग लाभान्वित होंगे। यह बजट इस बात का बोध कराता है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तीव्र गति के साथ आगे बढ़ रहा हैं।

# अब आम आदमी पार्टी की निगाहें एमपी पर, पंजाब और दिल्ली की तरह देंगे फ्री सुविधाएंः डॉ. संदीप पाठक

ग्वालियर। ग्वालियर में आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी तैयारियों की जानकारी साझा की है। साल के अंत में होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी



सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने लोगों को जुड़ने के लिए मिस कॉल नंबर भी जारी किया है। इसके साथ ही ये भी वादा किया है कि जो फ्री सुविधाएं पंजाब और दिल्ली में आप सरकार दे रही है उसका लाभ मध्यप्रदेश में भी दिया जाएगा। ये जानकारी आम आदमी पार्टी के राष्टीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक ने दी।

डॉ. संदीप पाठक आज ग्वालियर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब-दिल्ली में सरकार बनाने के बाद अब आम आदमी पार्टी की निगाहें एमपी में आ टिकी है। मध्य प्रदेश में इसी साल के आखिर में चुनाव है जिसमें आम आदमी पार्टी पूरी तैयारी के साथ चुनाव लडेगी। इन्हीं चुनावों की तैयारियों को लेकर राष्ठीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक 1 मार्च को ग्वालियर पहुंचे हैं। पाठक का सदस्यता अभियान के बाद मध्यप्रदेश का ये पहला दौरा था। पाठक ने ग्वालियर चंबल संभाग के सभी कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के चल रहे कार्यक्रम एवं 14 अप्रैल को भोपाल में पार्टी के मुख्या अरविन्द केजरीवाल के होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा भी की। आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान करके कांग्रेस की टेंशन बड़ा दी है। अगर आम आदमी पार्टी गुजरात की तरह ही मध्यप्रदेश में भी वोटों में सेंध लगाने में कामयाब हुई तो कांग्रेस के लिए राह कठिन हो सकती है। यह सिर्फ विधानसभा चुनाव के लिए नहीं है, बल्कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को झटका दे सकता है। राजस्थान में भी चुनाव लड़ने का एलान आप पहले ही कर चुकी है। वहीं ग्वालियर में आप से महापौर पद की प्रत्याशी रह चुकी रुचि गुप्ता ने बताया कि सदस्यता अभियान के अंतर्गत ग्वालियर जोन शीर्ष स्थान पर है, जिसमें उन्होंने प्रथम स्थान पर हजारों की संख्या में लोगों को आप में जोडा है।




# राज्य बजट, उद्योग एवं व्यापार जगत के लिए निराशाजनकः एमपीसीसीआई

ग्वालियर। वित्तमंत्री द्वारा आज विधानसभा में प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2023-24 के राज्य बजट में व्यापार एवं उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए किसी प्रकार की कोई घोषणा नहीं किए जाने से कारोबारियों को काफी निराशा हुई है ।

अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल नेकहा है कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा बजट पूर्व भेजे गए सुझावों में प्रोफेशनल टैक्स को समाप्त किए जाने की माँग की गई थी क्योंकि यह कर्मचारियों के ऊपर देय होता है । व्यवसाईयों पर जीएसटी सहित अन्य कई कर पूर्व से ही लागू हैं । इसी प्रकार व्यवसाईयों के लिए आपदा-विपदा फण्ड का बजट में प्रावधान किए जाने की माँग भी की गई थी, जिसे भी राज्य सरकार द्वारा नहीं माना गया है । इसी प्रकार म. प्र. के बाहर से आने वाले दलहन पर मण्डी शुल्क में छूट प्रदान किए जाने । मण्डी शुल्क की दरों को कम किए जाने सहित प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर वेट की दर को प?ौसी राज्यों के समान किए जाने तथा सम्पत्ति के पंजीयन पर देय स्टॉम्प ड्यूटी को भी कम किए जाने की माँग की गई थी, परन्तु इन सभी माँगों को लेकर चेम्बर ऑफ कॉमर्स को निराशा हाथ लगी है ।इसी के साथ पदाधिकारियों ने बजट में ग्वालियर में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बनाए जाने की घोषणा का स्वागत किया है ।

# इरानी ट्राफीः यशस्वी ने दोहरा शतक जड़ा शेष भारत ने तीन विकेट पर 381 रन बनाये





**ग्वालियर।** कै. रूप सिंह स्टेडियम ग्वालियर में आज से खेले जा रहे इरानी ट्राफी के मुकाबले में शेष भारत के बल्लेबाज यशस्वी जैसवाल ने दोहरा शतक जमाकर अपनी टीम का स्कोर 381 पर पहुंचा दिया। उनके साथ ए. ईश्वरन ने भी शतक जड़ा। उन्होंने 154 रन बनाये, जबकि शेष भारत के कप्तान मयंक अग्रवाल मात्र 2 रन बनाकर ही पैवेलियन लौट गये। आज के मैच की समाप्ति पर इन्द्रजीत बाबा 3 रन और सौरभ कुमार शून्य पर खेल रहे थे। इससे पूर्व आज सुबह शेष भारत के कप्तान मयंक अग्रवाल ने टास जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन मयंक मात्र 2 रन पर आवेश खान की गेंद पर हिमांशु खत्री को कैच दे बैठे। वहीं इसके बाद खेलने आये यशस्वी जैसवाल ने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। यशस्वी ने 30 चौके और 3 छक्कों की मदद से दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने 213 रन बनाये और आवेश खान की सीधी आती गेंद को शाट मारने के चक्कर में क्लीन बोल्ड हो गये। दूसरे विकेट की साझेदारी में जैसवाल व ईश्वरन ने 300 रन बनाये। वहीं अभिमन्यु ईश्वरन ने 154 रन बनाये, उन्हें सारांश जैन ने रन आउट किया। उनके 154 रनों में 17 चौके व 2 छक्के शामिल हैं।

**भारी संख्या में पहुंचे क्रिकेट प्रेमी**-कै. रूप सिंह स्टेडियम ग्वालियर में चल रहे इरानी ट्राफी मुकाबले को देखने के लिये आज पहले दिन ही भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे। जिस कारण आयोजक ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन को व्यवस्था जमाने के लिये विशेष प्रयास भी करने पड़े।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478